हरिभूमि
# हिसार-हांसी भूमि
रोहतक, मंगलवार 17 फरवरी 2026

11 नागोरी गेट हनुमान मंदिर में शिवरात्रि पर रात्रि पहर...



12 कबड्डी स्पर्धा में एसडी स्पोर्ट्स स्कूल की टीम छाई



## खबर संक्षेप

### एससी वर्ग के लिए ट्रैक्टर का ऑनलाइन ड्रा कल

**हिसार।** सहायक कृषि अभियंता गोपी राम सांगवान ने बताया कि कृषि तथा किसान कल्याण विभाग द्वारा वर्ष 2025-26 के तहत अनुसूचित जाति के किसानों को ट्रैक्टर पर अनुदान प्रदान करने के उद्देश्य से एसबी-89 योजना के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए थे। पात्र लाभार्थियों का चयन जिला स्तरीय कार्यकारी समिति उपायुक्त महेंद्र पाल की अध्यक्षता में ऑनलाइन ड्रा के माध्यम से 18 फरवरी को दोपहर 12:30 बजे लघु सचिवालय परिसर स्थित जिला सभागार में करेगी। इस योजना के अंतर्गत कुल 1142 आवेदन मिले थे और विभाग ने जिले के लिए 67 ट्रैक्टर का लक्ष्य तय किया था।

### सुसाइड केस में किशोरी के शव का पोस्टमार्टम

**बरवाला।** क्षेत्र के एक गांव में वैलेंटाइन डे पर प्रेमी युगल द्वारा जहर खाने की घटना में नाबालिग युवती की मौत हो गई। पुलिस ने युवती का पोस्टमार्टम अग्रोहा मेडिकल में कराकर शव परिजनों को सौंप दिया और माता के बयान पर इत्तफाकिया कार्रवाई की। बताया गया कि करीब 19 वर्षीय युवक और साढ़े 17 वर्षीय किशोरी एक-दूसरे से प्रेम करते थे और शादी करना चाहते थे। दोनों परिवार भी राजी थे, लेकिन नाबालिग होने के कारण विवाह संभव नहीं था। इसी बात से परेशान होकर दोनों ने खेत में जहर खा लिया। युवती की मौत हो गई, जबकि युवक का इलाज जारी है।

### साहित्यकार जयभगवान 22 को होंगे सम्मानित

**हिसार।** साहित्य सृजन के लिए शहर के वरिष्ठ साहित्यकार जयभगवान सैनी को 22 फरवरी को लखनऊ में सम्मानित किया जाएगा। बीएमएन सेवा संस्थान की ओर से आयोजित किए जाने वाले राष्ट्र स्तरीय समारोह में जयभगवान सैनी को बलदेव मल्ल सम्मान से अलंकृत किया जाएगा। लखनऊ के बीएमएन सेवा संस्थान द्वारा जयभगवान सैनी का साहित्य में विशिष्ट योगदान देखते हुए चयन किया गया है। जयभगवान सैनी विभिन्न विधाओं की 35 से अधिक पुस्तकें लिख चुके हैं।

### गुजवि में टेकफेस्ट और सेमिनार 24 को

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के प्रिंटिंग टेक्नोलॉजी विभाग में 24 फरवरी को प्रिंटर्स दिवस के उपलक्ष्य पर टेकफेस्ट और सेमिनार होगा। इस कार्यक्रम का पोस्टर कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने जारी किया है। इसमें आयोजक सचिव डॉ. बिजेंद्र कौशिक, सहायक प्राध्यापक व विभागाध्यक्ष डॉ. वंदना और विभाग के विद्यार्थी उपस्थित रहे। विद्यार्थियों के लिए पंजीकरण भी शुरू हो गया है।

### निगम ने 20 बेसहारा पशु भेजे गो अभ्यारण

**हिसार।** नगर निगम ने सहायक नोडल अधिकारी सुरेन्द्र वर्मा की देखरेख में बेसहारा पशुओं के खिलाफ अभियान चलाया। टीम ने सेक्टर 14, 27-28, 33, महाबीर कॉलोनी और पड़ाव चौक से 20 पशु पकड़े। एएसआई संदीप बिश्नोई के अनुसार सभी पशुओं को सुरक्षित रूप से गौ-अभ्यारण भेज दिया गया।

### स्वच्छता नियम तोड़ने पर काटे 22 के चालान

**हिसार।** खुले में कचरा डालने पर निगम की टीमों ने 22 लोगों के चालान किए। एएसआई राहुल सैनी, राहुल पंवार और रोहित ने राजीव नगर पुलिया, तुलसी चौक व लाहोरिया चौक में 4 दुकानदारों और 2 व्यक्तियों पर कार्रवाई की। एएसआई विजेता ने धोबी घाट, ऋषि नगर और डीएन कॉलेज रोड पर 4 दुकानदारों के चालान काटे व गिंल यूज प्लास्टिक जब्त किया। सीएसआई राजकुमार, एएसआई कपिल व सरोज ने साउथ बाईपास में 4 दुकानदारों पर कार्रवाई की। एएसआई सन्नी ने पटेल नगर व दिल्ली रोड क्षेत्र में 8 लोगों के चालान किए।

# फरवरी में ही बदला मौसम का मिजाजः बढ़ रही गर्मी, सिमट रहा वसंत



**यूं चढ़ा पारा**

| दिन | अधि. | न्यून. |
|---|---|---|
| 16 फरवरी | 28.5 | 9.5 |
| 15 फरवरी | 28.5 | 10.0 |
| 14 फरवरी | 27.0 | 8.7 |
| 13 फरवरी | 25.9 | 10.1 |
| 12 फरवरी | 24.5 | 9.1 |

हिसार। एचएयू में दोपहर का नजारा।

**हिसार।** जिले में सूर्यदेव के तल्ख तेवरों ने फरवरी महीने के बीच में ही वसंती ठंडक कम करके गर्मी का अहसास करवा दिया है। सर्दी लगभग विदा हो चुकी है। हालांकि शाम के समय हल्की ठंड महसूस होती है, लेकिन दिन में खिलने वाली तेज धूप पसीने छुड़वाने लगी है। वर्तमान में पश्चिमी हवाओं और सूर्य के तल्ख तेवरों से हिसार का तापमान सामान्य से अधिक बना हुआ है। इसी बीच कमजोर पश्चिमी विक्षोभ के चलते मंगलवार तथा बुधवार को हिसार व आसपास के एरिया में बिखराव वाली बूंदाबांदी के आसार हैं। हालांकि मौसम वैज्ञानिकों का अनुमान है कि आने वाले दिनों में तापमान में और बढ़ोतरी हो सकती है, जिससे बसंत का मौसम सिमटकर और छोटा हो जाएगा।

### गेहूं की पैदावार पर पड़ सकता है असर

फरवरी में अधिकतम तापमान 25 डिग्री के पार चल रहा है। रविवार को तापमान 28.5 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया, जबकि प्रदेश में इस सीजन में तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच चुका है, जोकि सामान्य से करीब 4 डिग्री ज्यादा है। उधर, कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि तापमान बढ़ने से गेहूं की फसल पर बुरा असर पड़ता है। दूधिया अवस्था में बालियों में दानों का विकास रुक जाता है, जिससे वे पतले और सिकुड़े हुए हो जाते हैं। फसल समय से पहले पक जाती है। कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को खेत में नमी बनाए रखने के लिए आवश्यकतानुसार हल्की सिंचाई करने की सलाह दी है।

### यूं ठंड के तेवर पड़े ढीले

एक के बाद एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से ठंड के तेवर ढीले हो गए हैं। दूसरी तरफ बार बार मौसम में बदलाव व इलाके में धीरे-धीरे पारा बढ़ रहा है। कमजोर पश्चिमी विक्षोभ से उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों पर केवल हल्की बर्फबारी और बारिश हो रही है उसका मैदानी राज्यों विशेषकर हरियाणा एनसीआर दिल्ली पर कोई विशेष प्रभाव देखने को नहीं मिल रहा।

### आज कहीं-कहीं बिखराव वाली बूंदाबादी के आसार

मौसम विशेषज्ञ डॉ. चंद्रमोहन के अनुसार 17 फरवरी को एक नया कमजोर पश्चिमी विक्षोभ उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों पर सक्रिय होने से पश्चिमी राजस्थान पर एक कमजोर चक्रवातीय सर्कुलेशन बनने से गरज चमक के साथ हरियाणा के पश्चिमी और दक्षिणी के साथ कुछ मध्यवर्ती में हिस्सों सिरसा, फतेहाबाद, हिसार, भिवानी, चरखी दादरी, महेंद्रगढ़, रेवाड़ी, झज्जर, गुरुग्राम, पलवल, फरीदाबाद, मेवात और एनसीआर दिल्ली में बिखराव वाली बूंदाबांदी की सम्भावना है। हालांकि इस मौसम प्रणाली से ज्यादा असर देखने को नहीं मिलेगा बल्कि क्षेत्र के पारे में रिकॉर्ड तोड़ वृद्धि होगी। अधिकतम पारा 30 से 35 डिग्री के बीच जबकि न्यूनतम 10 से 15 डिग्री तक पहुंच जाएंगे।

### निगम के दो महत्वपूर्ण एजेंडों पर फाइनेंस, कॉन्ट्रेक्ट व परचेज सब-कमेटी की मुहर

# कचरा प्रबंधन पर 8.92 करोड़ खर्च करके शहर को चमकाएगा निगम

- स्ट्रीट लाइट व्यवस्था आधुनिक बनाने पर खर्च होंगे 1.90 लाख



हिसार। बैठक में उपस्थित मेयर प्रवीण पोपली, अधिकारी व पार्षद।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने की कवायद में लगा नगर निगम अब कचरा प्रबंधन पर 8.92 करोड़ रुपये खर्च करेगा। स्ट्रीट लाइटों को दुरुस्त करके शहर को जगमग मनाने के प्रयास में जुटा नगर निगम इस कार्य पर भी 1.90 करोड़ रुपये खर्च करेगा। इन दोनों प्रस्तावों पर फाइनेंस, कॉन्ट्रेक्ट व परचेज सब-कमेटी ने मुहर लगा दी है। निगम सभागार में सोमवार को हुई कमेटी की बैठक में ये दोनों महत्वपूर्ण एजेंडे रखे गए थे।

सब-कमेटी के समक्ष रखे गए कचरा निस्तारण से संबंधित प्रस्ताव पर कार्यकारी अभियंता जयबीर डूडी ने बताया कि पूर्व में नगर निगम द्वारा 10 वर्षों के लिए क्लस्टर स्तर पर टेंडर जारी किया गया था। सीएम की ओर से स्वीकृत दरों के अनुरूप कचरे के निस्तारण के लिए नई तकनीक अपनाने के निर्देश दिए गए हैं। चूंकि नई तकनीक पर सरकार का अंतिम निर्णय आना शेष है, इसलिए अंतरिम व्यवस्था के तहत तीन वर्षों के लिए नया टेंडर जारी करने का प्रस्ताव रखा गया। इस परियोजना की अनुमानित लागत 8 करोड़ 92 लाख रुपये आंकी गई है। यह राशि ढंढूर प्रोसेसिंग प्लांट पर दो ट्रॉमल मशीनें, जेसीबी मशीन, स्प्रे मशीन, सीसीटीवी कैमरे, आरएफटी टैगिंग सिस्टम तथा अन्य आवश्यक उपकरणों की स्थापना पर खर्च की जाएगी। नियमित रूप से प्रतिदिन करीब 235 मीट्रिक टन कचरा आने का अनुमान है, जो जनसंख्या के लगभग 8 प्रतिशत के बराबर है। इस व्यवस्था पर प्रति नगरपालिका लगभग 346 रुपये प्रति टन का औसत व्यय आएगा। कुल लागत में से 65 प्रतिशत खर्च नगर निगम द्वारा वहन किया जाएगा, जबकि शेष राशि अन्य स्थानीय निकायों नगर परिषद हांसी, नगर परिषद बरवाला, नगर पालिका सिवानी, नगर पालिका उकलाना और नगर पालिका नारनौंद द्वारा वहन की जाएगी। समिति के सभी सदस्यों ने प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित कर टेंडर प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए। मेयर प्रवीण पोपली की अध्यक्षता में हुई बैठक का संचालन करते हुए निगमायुक्त नीरज ने नगर निगम की आय-व्यय का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया।

### सीसीएमएस पैनल की खरीद को मंजूरी


बैठक में दूसरा महत्वपूर्ण प्रस्ताव शहर की स्ट्रीट लाइट व्यवस्था को आधुनिक बनाने से संबंधित रहा। इसके तहत सीसीएमएस (सेंट्रलाइज्ड कंट्रोल एंड मॉनिटरिंग सिस्टम) पैनल खरीदने की मंजूरी दी गई। इस प्रणाली के माध्यम से स्ट्रीट लाइटों को मैनुअल और ऑटो मोड में नियंत्रित किया जा सकेगा। साथ ही, खराब स्ट्रीट लाइटों की जानकारी मोबाइल एप्लीकेशन के जरिए तुरंत प्राप्त की जा सकेगी। एक सीसीएमएस पैनल से लगभग 60 स्ट्रीट लाइटों को नियंत्रित किया जा सकेगा। कुल 125 पैनल खरीदने का प्रस्ताव है, जिस पर करीब 1 करोड़ 90 लाख रुपये की लागत आएगी। समिति ने इस प्रस्ताव को भी सहमति दे दी।

### ये रहे मौजूद

बैठक में पार्षद डॉ. सुमन यादव, पार्षद ज्योति वर्मा, अतिरिक्त निगमायुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा, विशेष स्वच्छता अधिकारी हरबीर, चीफ इंजीनियर बीके कर्दम, कार्यकारी अभियंता जयबीर डूडी, एमई सुनील लांबा, सीनियर अकाउंट ऑफिसर अशोक नेहरा, अकाउंट ऑफिसर राधेश्याम, अकाउंट ऑफिसर संदीप कुमार तथा जेई ऋत्विक, जेई राजेश्वर शर्मा, कानूनगो होशियार सिंह राणा मौजूद रहे।

### शहर के समग्र विकास को प्रतिबद्धः पोपली

मेयर प्रवीण पोपली ने कहा कि नगर निगम शहर के समग्र विकास और स्वच्छता को लेकर प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्वीकृत परियोजनाओं को तय समयसीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए, ताकि नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें और शहर को स्वच्छ, सुरक्षित एवं आधुनिक बनाया जा सके।



बरवाला। नहर विभाग की जमीन पर किए गए अवैध निर्माण को ढहाती जेसीबी।

# बधावड़ माइनर के पास अवैध निर्माण गिराया

- कब्जाधारियों ने विरोध किया, लेकिन पुलिस बल की मौजूदगी के कारण उनकी एक न चली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरवाला

नहर विभाग द्वारा वार्ड नंबर 12 बधावड़ माइनर के समीप हांसी रोड ऑटो मार्केट में रास्ते की जमीन पर किए गए निर्माण को जेसीबी चला कर तहस-नहस किया गया। इस कार्रवाई में ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रूप में बीडीपीओ रोशन लाल मौजूद रहे। किसी अप्रिय घटना के बचाव के लिए मौके पर काफी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा।

किसी भी अवैध कब्जाधारी ने इस कार्रवाई का विरोध व एतराज वगैरह नहीं जताया। मौके पर मौजूद ड्यूटी मजिस्ट्रेट बीडीपीओ रोशन लाल ने बताया कि नहर विभाग द्वारा बधावड़ माइनर के समीप वार्ड नंबर 12 में नहर विभाग के रास्ते की पैमाइश की गई।

आरडी 43 से 45 हजार की जगह पर तीन चार अवैध कब्जाधारियों द्वारा अवैध निर्माण करके कब्जा किया हुआ पाया गया। नहर विभाग द्वारा इन अवैध कब्जाधारियों को कई बार नोटिस वगैरह दिए गए। परंतु ये अवैध कब्जाधारी अपनी हरकतों से बाज नहीं आए और नहर विभाग की जगह पर अपना अवैध कब्जा बरकरार रखा। नहर विभाग ने हिसार और बरवाला पुलिस की मौजूदगी में नहर विभाग के रास्ते पर किए गए अवैध निर्माण को जेसीबी से ढहा दिया गया। इस अवसर पर जिलेदार विकास पूनिया, जेई निशांत व पटवारी रोशन लाल समेत अनेक कर्मचारी मौजूद रहे।

# सीबीएसई 10वीं-12वीं की परीक्षाओं को लेकर जिले में धारा 163 लागू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

जिला मजिस्ट्रेट महेंद्र पाल द्वारा सीबीएसई बोर्ड परीक्षाओं के सुचारू एवं शांतिपूर्ण संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के अंतर्गत आदेश जारी किए गए हैं।

यह आदेश 17 फरवरी से 11 अप्रैल तक आयोजित की जानी वाली केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की सेकेंडरी एवं सीनियर सेकेंडरी परीक्षाओं के मद्देनजर जारी किए गए हैं। जारी आदेशानुसार जिला हिसार के सभी परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में पांच या उससे अधिक व्यक्तियों के एकत्र होने, किसी भी प्रकार के आग्नेयास्त्र, हथियार अथवा घातक वस्तु लेकर चलने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। इसके अतिरिक्त परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में स्थित फोटोस्टेट/फोटोकॉपी की दुकानों का संचालन 17 फरवरी से 11 अप्रैल तक प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक प्रतिबंधित रहेगा।

### स्कूल में घुसकर 11वीं के छात्र पर गंडासी के किया हमला

**हिसार।** मॉडल टाउन स्थित राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कुछ युवकों ने स्कूल में घुसकर गंडासी से हमला कर 11वीं कक्षा के एक छात्र को घायल कर दिया। हमलावर वारदात को अंजाम देने के बाद फरार हो गए। न्यू महावीर कॉलोनी में रहने वाले छात्र को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। छात्र पर हमले की वारदात स्कूल में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। उपचाराधीन छात्र के अनुसार स्कूल में परीक्षाएं चल रही है और सोमवार को हिंदी का पेपर था। दोपहर को पेपर समाप्त होने पर क्लासमेट्स के साथ स्कूल गेट पर पहुंचा तो 4-5 युवक हाथ में गंडासी व डंडे लिए उसकी तरफ दौड़े। उन्होंने कई बार उस पर किए। इस दौरान सिर और कान पर चोटें भी लगी। हमलावरों से बचने के लिए वह स्कूल के अंदर भागने लगा। इस पर हमलावर वहां से फरार हो गए।

# व्यापारी से रंगदारी में मांगी काली बोलेरो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हिसार शहर से सटे चंदन नगर गांव में ओम टाइल्स के व्यापारी गगन गक्खड़ से रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि रंगदारी मांगने वाले दोनों युवक नशेड़ी किस्म के हैं और उन्होंने नशे की हालत में व्यापारी से फिरौती के रूप में काले रंग की बोलेरो गाड़ी की मांग कर दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों आरोपियों को पकड़ लिया।

बताया जा रहा है कि दोनों आरोपी चंदन नगर के ही रहने वाले हैं और नशे का काम करते हैं। रविवार दोपहर करीब ढाई बजे वे बाइक पर सवार होकर शोरूम पहुंचे और बेखौफ होकर व्यापारी से रंगदारी मांगने लगे। पूरी घटना शोरूम में लगे सीसीटीवी



हिसार। सीसीटीवी फुटेज में दिखे दोनों बदमाश।

कैमरे में कैद हो गई। फुटेज में दिख रहा है कि एक आरोपी बाइक से उतरते समय नशे में लड़खड़ाता है और बीड़ी पीते हुए शोरूम के अंदर घुस जाता है। इसके बाद वह काले रंग की बोलेरो की मांग करता है और कुछ ही देर में दोनों वहां से चले जाते हैं।घटना के बाद व्यापारी ने पुलिस को सूचना दी।

### सर्जिकल ब्लेड से हमले का आरोपी गिरफ्तार

**हांसी।** भाटला चौकी पुलिस भाटला की टीम ने युवक पर सर्जिकल ब्लेड से हमला करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान भाटला निवासी अंकित उर्फ बूरी के रूप में हुई है। मामले की जानकारी देते हुए बताया जांच अधिकारी एएसआई धोलुराम ने बताया कि 5 फरवरी को भाटला निवासी प्रदीप पर आपसी रंजिश में उसकी गर्दन पर सर्जिकल ब्लेड से वार कर चोट पहुंचाई थी। पुलिस ने प्रदीप की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर आरोपी अंकित उर्फ बूरी को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### दो दिवसीय प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

# राखी शाहपुर की सर्कल कबड्डी में बहुअकबरपुर की टीम जीती

### बेस्ट कैचर शीलू बल्हारा और बेस्ट रेडर रवि को मिली ऑल्टो कार



नारनौंद। राखी शाहपुर खेल स्पर्धा में विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद

राखी शाहपुर में परम संत रतन नाथ महाराज के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में दो दिवसीय सर्कल कबड्डी स्पर्धा हुई। फाइनल मुकाबला बहु अकबरपुर और पंजाब के शकरपुर की टीम के बीच में हुआ। जिसमें बहु अकबरपुर की टीम विजेता रही और ट्रॉफी पर कब्जा किया। पहला स्थान प्राप्त करने वाली टीम को एक लाख 50 हजार रुपये नकद इनाम और ट्रॉफी दी गई। बेस्ट कैचर शीलू बल्हारा, मनीष बल्हारा संयुक्त रूप से रहे। बेस्ट रेडर रवि चुने गए। इनको एक-एक ऑल्टो कार इनाम के रूप में दी गई। प्रमुख समाजसेवी बारूराम ने जानकारी देते हुए बताया कि परम संत रतन नाथ महाराज के जन्म दिवस के उपलक्ष में दूसरी सर्कल कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। ओपन सर्कल कबड्डी में पहला सेमीफाइनल मैच पंजाब के गांव शकरपुर ओर शेखपुरा के बीच खेला गया जिसमें शकरपुर की टीम ने 25 अंक और शेखपुरा की टीम ने 12 अंक बनाए। इस मैच में शकरपुर की टीम विजेता रही और फाइनल में अपना स्थान पक्का किया। दूसरा सेमीफाइनल अलेवा और बहु अकबरपुर के बीच में खेला गया। जिसमें अलेवा की टीम ने 13 अंक बने और बहु अकबरपुर की टीम ने 21 अंक बनकर जीत हासिल की और फाइनल में पहुंच गई। फाइनल में बहु अकबरपुर की टीम ने 25 अंक और शकरपुर की टीम 10 ही अंक बना सकी और हार गई।

### 70 किलोग्राम में राखी शाहपुर की टीम अव्वल

70 किलोग्राम भार वर्ग का फाइनल मुकाबला गांव राखी शाहपुर और सिंघवा राघो के बीच खेला गया जिसमें राखी शाहपुर की टीम विजेता रही और सिंघवा राघो की टीम दूसरे स्थान पर रही। विजेता टीम को 51 हजार, दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम को 41 हजार रुपये इनाम दिया गया। बेस्ट रेडर गोलू और बेस्ट कैचर सुरेश उर्फ लवली को स्प्लेंडर मोटरसाइकिल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन शमशेर सैनी, मास्टर रमेश राखी, आजाद श्योराण, विकास, मास्टर बलबीर, प्रदीप श्योराण, राजीव आदि मौजूद थे।

# माइग्रेशन सर्टिफिकेट नहीं मिलने तक जारी रहेगा धरना : कौथ

- विधायक विनोद भयाना के आवास के बाहर चल रहा धरना चौथे दिन भी जारी रहा

**हांसी।** नारनौंद उपमंडल के एक निजी नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं का माइग्रेशन और कॉलेज अलॉटमेंट की मांग को लेकर विधायक विनोद भयाना के आवास के बाहर चल रहा धरना सोमवार को चौथे दिन भी जारी रहा। धरने पर बैठे किसान यूनियन नेताओं ने छात्राओं की मांगों और उनके माइग्रेशन व कालेज अलाटमेंट में हो रही देरी को लेकर बैठक करते हुए प्रशासन को समस्या का समाधान नहीं किए जाने बड़े आंदोलन का अल्टीमेटम दिया। किसान यूनियन द्वारा आंदोलन को लेकर कड़ा फैसला लेने की सूचना पर विधायक विनोद भयाना धरना स्थल पर पहुंचे और उन्होंने धरने पर बैठे किसान यूनियन नेताओं और छात्राओं को अपने फोन के व्हाट्सएप पर आए मैसेज को दिखाते हुए कहा कि छात्राओं की माइग्रेशन की मांग सरकार द्वारा मान ली गई है और उनकी माइग्रेशन फाइल पर हस्ताक्षर हो चुके हैं जल्द ही कालेज अलाटमेंट के लेटर छात्राओं को मिल जाएंगे। विनोद भयाना द्वारा व्हाट्सएप पर आए मैसेज को देखने के उपरांत धरने पर बैठी छात्राओं ने कहा कि जब तक उन्हें माइग्रेशन सर्टिफिकेट नहीं मिल जाता तब तक उनका धरना निरंतर जारी रहेगा।

हरिभूमि सहेली



वर्किंग वूमेन की घर और ऑफिस की जिम्मेदारियों के बीच बैलेंस की बात खूब होती है। यही समझा जाता है वर्किंग वूमेन की तुलना में हाउस वाइफ की जिंदगी आसान है, जबकि इनकी जिंदगी में भी चैलेंज होते हैं। रोज घर के कामों की लंबी फेहरिस्त, घर के हर सदस्य का ध्यान, रिश्तों का निर्वाह, इन सब के बीच बैलेंस की जरूरत होती है। हम यह क्यों नहीं समझते, हाउस वाइफ को भी 'मी टाइम' चाहिए, जो उसके मेंटल के साथ-साथ फिजिकल हेल्थ के लिए भी बहुत जरूरी है।

# होम लाइफ बैलेंस भी है जरूरी

कवर स्टोरी
**डॉ. मोनिका शर्मा**

बात जब वर्क लाइफ बैलेंस की हो तो कई पहलुओं पर सोचना जरूरी है। वर्किंग वूमेन, घर और वर्किंग रिस्पांसिबिलिटीज की भाग-दौड़ के बीच कैसे अपने लिए समय निकालें? किस तरह खुद को आराम दें? जिंदगी में संतुलन बनाए रखने के लिए कौन से तरीके अपनाएं? जैसी बातों का खूब जिक्र होता है और फिक्र भी। वहीं घर में रहने वाली महिलाओं पर होम लाइफ बैलेंस को लेकर आमतौर पर कोई बात नहीं होती है, जबकि घर पर ही रहकर हर समय भाग-दौड़ में लगी रहने वाली महिलाओं के लिए भी संतुलित दिनचर्या जरूरी है। घर-आंगन तक सिमटी महिलाओं की लाइफ में भी एक बैलेंस होना जरूरी है।

## काम और आराम के बीच संतुलन

हमारे पारिवारिक परिवेश में दफ्तर से लौटी महिला के थकने या व्यस्त रहने की बात तो होती है, लेकिन घर के भीतर भाग-दौड़ में जुटी महिलाओं को लेकर ऐसा कुछ नहीं सोचा जाता। वर्किंग



वूमेन के ट्रैफिक से जूझने, यात्रा कर दफ्तर तक पहुंचने की उलझनों की बात होती है पर होममेकर्स की शारीरिक भाग-दौड़ और ठहरी, सिमटी-सी जिंदगी में बिखरती मनःस्थिति की उपेक्षा ही होती आई है। सुबह से शाम तक अपनों का खयाल रखने की धुरी पर दौड़ती महिलाओं की परेशानियों की ओर किसी का भी ध्यान ही नहीं जाता। जबकि उनके लिए भी आराम और अंतहीन सूची वाले कामों में एक बैलेंस की जरूरत होती है। घर संभालने का दायित्व निभा रही बहू-बेटियां भी थकती हैं। उनकी दिनचर्या भी आसान नहीं होती। हर समय अपनों के लिए कुछ करने को मौजूद रहने वाली अधिकतर स्त्रियां तो रोज घर में सबसे पहले अपने दिन की शुरुआत करती हैं। ऐसे में जरूरी है कि घर के छोटे-बड़े सदस्य हर समय कुछ-न-कुछ करने को कहते रहने के बजाय उनके काम और आराम में संतुलन बनाने में मदद करें। कम से कम यह समझने की गलती तो बिल्कुल न करें कि उनका जीवन बहुत आसान है या दिनभर घर पर रहती हैं तो करती ही क्या हैं? कभी ना खत्म होने वाली एक भागम-भाग उनके भी हिस्से होती है। इसीलिए महिलाओं की होम लाइफ में भी बैलेंस जरूरी है।



### टाइम मैनेजमेंट भी है आवश्यक

**असल में** टारगेट सिर्फ ऑफिस में ही नहीं होते। समय सीमा में काम निपटाने, रसोई में कुछ पकाने, रिश्तेदारी में मेल-मिलाप रखने और आस-पड़ोस में लेन-देन निभाने के भी टारगेट होते हैं। समय के सही मैनेजमेंट के बिना घरेलू जिम्मेदारियों की सूची कभी खत्म नहीं हो सकती। ऐसे में खुद महिलाएं भी अपनी संभाल-देखभाल के लिए समय निकालने का प्रयास करें। बात सेहत और फिटनेस के लिए समय निकालने की हो या किसी सहेली से बैठकर बतियाने की। समय प्रबंधन करके ही अपने लिए वक्त निकाला जा सकता है। होम लाइफ में बैलेंस बनाया जा सकता है। देखने में आता है कि नॉन-वर्किंग महिलाओं की पर्सनल लाइफ कहीं पीछे छूट जाती है। अपने हों या पराए, सभी के लिए बहुत कुछ करते हुए भी वे कुछ न करने वाली भूमिका में दिखती हैं। उनका रोल 'टेकन फॉर ग्रांटेड' वाली स्थिति में आ जाता है। दिनभर भाग-भागकर सब कुछ करते रहना अपनों को आम-सी बात लगती है। ऐसे में अपनी सहजता और सुकून के लिए खुद महिलाओं को ही अपने समय का प्रबंधन करना होगा। वरना मल्टीटास्किंग और एकरसता का यह मेल स्ट्रेस और एंग्जाइटी के घेरे में ले आएगा।

## बाहर की दुनिया से जुड़ाव

जैसे काम-काजी महिलाओं के लिए घर में आराम से समय बिताना भी एक बदलाव होता है। वैसे घर पर रहने वाली स्त्रियों को बाहर जाने से थोड़ा बदलाव महसूस होता है। उनके मन का मौसम बदलता है। आमतौर पर बच्चे, बड़े या जीवनसाथी कोई इस बात को अहमियत नहीं देता। वीकेंड पर घर पर रहने वाले अपने उनकी व्यस्तता और बढ़ा देते हैं। सगे-संबंधियों के यहां किसी कार्यक्रम में जाने के अलावा उनका कहीं और जाना जरूरी नहीं समझा जाता। जबकि महिलाएं रिश्ते-नातेदारी में जाकर भी कोई ना कोई काम करने में ही जुट जाती हैं। ऐसी आउटिंग को फिक्र से दूर मानसिक शांति और मन के बदलाव के लिए समय बिताना नहीं कहा जा सकता। ऐसे में महिलाएं खुद संतुलन की डगर चुनें। अपनी रुचि को भी प्राथमिकता दें।



काम-काजी महिलाओं के समान ही सुबह-सुबह अपने कामों की सूची बनाएं। हर काम की प्राथमिकता तय करें। अपने 'मी टाइम' को लेकर अपनों से स्पष्ट बात करें। हर समय कुछ-न-कुछ करते रहने के बजाय अपनी लिमिट्स भी तय करें। ऐसा करने से ही होम लाइफ बैलेंस बन सकता है। संतुलन की इन परिस्थितियों में आप अपनी हेल्थ और हॉबीज को समय दे सकेंगी। सही शेड्यूल बनाने से टाइम-टु-टाइम ब्रेक लेना भी सहज होगा। यह समय घर के बाहर की दुनिया से जुड़ने और कुछ नया सीखने जैसी स्ट्रेस फ्री एक्टिविटीज में लगाने से, घर और अपने भीतर के मोर्चे पर संतुलन बना रहेगा। ❀

# ऐसे बनाएं खुशहाल दांपत्य जीवन की राह

हर दंपती खुशहाल दांपत्य जीवन की तो कामना करता है, लेकिन छोटी-छोटी बातों पर तकरार, अहंकार की वजह से अपने दांपत्य जीवन में कड़वाहट पैदा कर लेता है। इससे पति-पत्नी के बीच दूरियां बढ़ती हैं। दंपती कैसे तनावमुक्त रहें और खुशहाल दांपत्य जीवन की राह बने, जरूरी सलाह।

सलाह
**स्नेहा सिंह**



शादी के बाद दो लोग सिर्फ एक-दूसरे के जीवन में प्रवेश ही नहीं करते, एक-दूसरे की आदतों, सोच और संस्कारों से भी कहीं ना कहीं प्रभावित होते हैं। विवाह के बाद शुरुआती दिनों में जो बातें प्यारी लगती हैं, वही कुछ दिनों बाद अखरने लगती हैं। इतना ही नहीं बात-बात पर दंपती के बीच तकरार, छोटी-सी असहमति एक बड़ा विवाद का रूप अख्तियार करने लगती है, इससे दूरियां बढ़ती हैं। इन विपरीत स्थितियों में अपने दांपत्य रिश्तों को कैसे सहेजें, इसके लिए किन बातों का ध्यान रखें, जानिए-

**बनाए रखें संवाद:** पति-पत्नी के रिश्ते की बुनियाद आपसी संवाद पर टिकी होती है। लेकिन जब बात करने की जगह चुप्पी ले लेती है तो ऐसे में गलतफहमियां जन्म लेती हैं। अकसर देखा जाता है कि हम अपनी परेशानी बाहर वालों को तो बता देते हैं, लेकिन अपने जीवनसाथी से बात नहीं करते। मन में दबी बातें धीरे-धीरे बड़ी शिकायतें बन जाती हैं, एक दिन विस्फोट के रूप में बाहर आती हैं। इसलिए एक-दूसरे को समझते हुए खुलकर, बिना डरे और आरोप के बात करना रिश्ते को टूटने से बचाता है। इसलिए दांपत्य जीवन में निरंतर संवाद बहुत जरूरी है।



**डगमगाने ना दें विश्वास:** आपसी विश्वास के बिना दांपत्य जीवन सिर्फ एक समझौता बनकर रह जाता है। शक, संदेह और निगरानी का भाव रिश्ते के अपनत्व और गर्माहट को खत्म करता है। मोबाइल की जांच करना, देर से आने पर सवाल-जवाब करना या हर बात पर संदेह करना, ये सब बातें धीरे-धीरे दांपत्य प्रेम को विषाक्त कर देती हैं, तलाक तक की नौबत आ जाती है। भरोसा बनाए रखने के लिए जरूरी है कि पति-पत्नी एक-दूसरे के प्रति ईमानदार रहें, संदेह के बजाय विश्वास बनाए रखें।

**एक-दूसरे को समय दें:** आज के दौर में साथ बैठकर बातें ना करने का सबसे आसान बहाना बन गया है 'बहुत व्यस्त हूं।' माना कि करियर की जिम्मेदारियों के बीच पति-पत्नी एक-दूसरे के लिए समय नहीं निकाल पाते हैं लेकिन दंपती का कभी-कभी साथ बैठकर बातें साझा करना, डिनर-लंच करना या कभी यूं ही टहलने निकल जाना भी जरूरी है। साथ बिताए छोटे-छोटे मिठास भरे पल रिश्ते में जान फूंकते हैं। समय न देना कलह की शुरुआत की वजह बनता है। इसलिए पति-पत्नी एक-दूसरे को यथासंभव समय जरूर दें।

**अहंकार से रहें दूर:** दांपत्य जीवन में अहंकार सबसे खतरनाक दुश्मन है। 'मैं क्यों झुकूं, गलती तो उसकी है।' ऐसी सोच रिश्ते को खोखला कर देती है। समझदारी इसी में है, स्वयं सही होते हुए भी चुप रह जाएं, ताकि रिश्ता बचा रहे। झुकना हार नहीं, बल्कि रिश्ते की जीत है। माफी मांगना और माफ करना, पत्नी-पति दोनों को आना चाहिए। यह दांपत्य जीवन में मधुरता बनाए रखने के लिए जरूरी है।

**गुस्से पर रखें काबू:** गुस्से में बोले गए शब्द कभी-कभी सालों का प्यार पलभर में खत्म कर देते हैं। क्रोध के क्षणों में मौन रहना और बाद में शांत होकर बात करना कहीं ज्यादा प्रभावी होता है। याद रखिए, शब्दों से लगे घाव दिखाई नहीं देते, लेकिन बहुत गहरे होते हैं।

**साथ चलने का नाम है दांपत्य:** दांपत्य जीवन दो लोगों की साझा यात्रा है, जिसमें उतार-चढ़ाव आते रहते हैं। प्रेम, विश्वास, संवाद और धैर्य, इन चार स्तंभों पर टिका होता है दांपत्य रिश्ता, जो हर कलह से बचाता है। जब हम जीवनसाथी को गहराई से समझने लगते हैं, तो दांपत्य जीवन में मधुरता घुलती है, दंपती खुशहाल रहते हैं। ❀

कई लोग दूसरों के बारे में बहुत जल्दी अपनी राय बना लेते हैं। ऐसा जजमेंटल नेचर आपके पर्सनल-सोशल रिलेशन बनाने में बाधक हो सकता है। इसलिए इससे बचना जरूरी है।

# क्या आपका नेचर है जजमेंटल ऐसे करें खुद में बदलाव

बिहेवियर
**ललिता गोयल**

हमारे आस-पास कुछ ऐसे लोग होते हैं, जो किसी भी व्यक्ति या घटना को देखकर बहुत जल्दी अपनी राय बना लेते हैं। वे बिना ज्यादा सोचे-समझे किसी के भी बारे में अपनी राय कायम कर लेते हैं। ऐसे व्यक्ति जजमेंटल नेचर वाले होते हैं। ऐसे लोग अकसर दूसरे में कमियां खोजते रहते हैं।

**ऐसे होती है पहचान:** आपके आस-पास का कोई व्यक्ति जजमेंटल नेचर का है, इसे आप उसके कुछ बर्तावों से पहचान सकती हैं।

- ऐसे लोग खुद को बहुत अहमियत देते हैं और सामने वाले को छोटा समझते हैं।
- खुद को समझदार और हर विषय का जानकार मानते हैं।
- ये लोग अपनी सलाह खुद देने लगते हैं और दूसरों को अपनी सलाह को मानने के लिए बाध्य भी करते हैं।
- जजमेंटल नेचर वाले लोगों का व्यवहार थोड़ा जिद्दी होता है और वे हमेशा दूसरों से आगे निकलने की चाह में रहते हैं।
- वे अपनी राय को सर्वोपरि मानकर दूसरों की राय को महत्व नहीं देते हैं।
- ऐसे लोग बातचीत के दौरान अकसर तेज आवाज में बोलते हैं।
- ये लोगों को हमेशा 'अच्छे' या 'बुरे' के तराजू में तौलते रहते हैं और अपने आप को सही साबित करने के लिए दूसरों की निंदा और कमियां खोजने से भी नहीं हिचकिचाते हैं।
- ऐसे लोग दूसरों की तारीफ करने या उन्हें प्रोत्साहित करने से बचते हैं।
- ऐसे लोग नकारात्मक सोच के होते हैं।



**ऐसे बर्ताव से खुद को बचाएं:** अगर आपको उक्त में से कोई बर्ताव खुद में नजर आता है तो आप कुछ बातों पर अमल करके इसमें सुधार कर सकती हैं। जजमेंटल होने से बच सकती हैं।

**पूरे नेचर को परखें:** कभी-कभी लोग कुछ ऐसा कर जाते हैं, जिसे आप सही नहीं समझते, जैसे किसी के लंच में से उठाकर खा लेना या फिर बाजार में खूब मोलभाव करना। ऐसे में जरूरी है, कि उन्हें उनके बर्ताव के हिसाब से न जज किया जाए। हो सकता है कि उनमें ऐसी कई पॉजिटिव क्वालिटीज भी हों, जिन्हें आपने अभी तक देखा ही नहीं हो। इसलिए किसी डिसीजन पर पहुंचने से पहले पूरी तरह परख लें।



**खुद को सामने वाले की जगह पर रखकर देखें:** हर इंसान की स्किल्स, नेचर, उनकी जिंदगी के अनुभवों, रहन-सहन के अनुसार होता है। उनकी पर्सनालिटी में उनके साथ किया हुआ बर्ताव, उनकी परिस्थितियां काफी अहम भूमिका अदा करती हैं। इसलिए किसी इंसान को अच्छे से जाने बिना उनके बारे में राय न बनाएं।

**अपीयरेंस से न जज करें:** हर इंसान अपनी पसंद कंफर्ट के अनुसार तैयार होता है। इस आधार पर उनकी पर्सनालिटी के बारे में जज करना सही नहीं होता। अगर किसी ने टैटू बनवाए हुए हैं तो उसके बारे में यह राय बनाना कि वो गंभीर व्यक्ति नहीं हो सकता, सही नहीं है। इस सोच से उबरना चाहिए।

**राय बनाने से पहले लें कुछ वक्त:** किसी भी इंसान से सिर्फ 5 मिनट बात करने के बाद उसके बारे में कोई राय बना लेना सही नहीं होता, क्योंकि इतने कम समय में कोई किसी के भी बारे में सब कुछ कैसे जान सकता है। किसी भी इंसान के बारे में अपनी तरफ से राय बनाने से पहले, आपको उनके बारे में सब कुछ जानने की कोशिश करनी चाहिए। किसी के बारे में कोई भी राय बनाने से पहले एक-दूसरे को अच्छी तरह जानने-समझने का मौका दें, नहीं तो सामने वाला भी आपके बारे में ज्यादा कुछ नहीं जान पाएगा और एक अच्छा रिश्ता बनाने से चूक सकते हैं। ❀

# जैसी हो स्किन-वैसी करें केयर

स्किन केयर
**प्रीति गुप्ता**

आपकी स्किन हमेशा सॉफ्ट और ग्लोइंग नजर आए, इसके लिए आपको पहले इसके नेचर को समझना होगा। इसके अनुसार जब आप अपनी स्किन केयर करेंगी तो वो हमेशा ग्लोइंग नजर आएगी। यहां आपको बता रहे हैं कि ड्राय और ऑयली स्किन वाली महिलाएं उनकी केयर कैसे कर सकती हैं?

**ड्राय स्किन के लिए:** अगर आपकी स्किन ड्राय नेचर की है तो आपको यहां बताई जा रही बातों को ध्यान में रखना चाहिए।

- स्किन क्लीनिंग के लिए हमेशा माइल्ड क्लींजर का इस्तेमाल करें।
- हर रोज दिन में कम से कम दो बार क्रीम-बेस्ड या हाइड्रेटिंग फेस वॉश से चेहरा साफ करें।
- नहाने के तुरंत बाद मॉयश्चराइजर या कोई जैल क्रीम लगाएं, ताकि स्किन में नमी बनी रहे।
- गुनगुने पानी से ही चेहरा धोएं। बहुत गर्म पानी का इस्तेमाल करने से स्किन की ड्रायनेस बढ़ जाती है।
- हफ्ते में कम से कम एक-दो बार स्क्रब करना न भूलें। स्क्रबिंग करने से डेड स्किन हटती है, चेहरे पर नया ग्लो नजर आता है। लेकिन ध्यान रखें कि स्क्रबिंग ज्यादा न करें।
- फेस क्लीनिंग और स्क्रबिंग के बाद होममेड फेस पैक अप्लाई कर सकती हैं। आप अपनी पसंद या चीजों की उपलब्धता के अनुसार दूध और शहद का फेस पैक अप्लाई कर सकती हैं। या फिर एलोवेरा जैल और नारियल तेल को मिलाकर भी फेस पैक बनाकर अप्लाई कर सकती हैं।



- जब भी दिन के समय घर से बाहर निकलें तो सनस्क्रीन लगाना न भूलें। ड्राय स्किन के लिए क्रीम-बेस्ड एसपीएफ 30 या उससे ऊपर का सनस्क्रीन इस्तेमाल कर सकती हैं।

**ऑयली स्किन के लिए:** अगर आपकी स्किन ऑयली है तो इसकी केयर करते समय कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए।

- फेस धोने के लिए जैल-बेस्ड फेस वॉश का यूज करें।
- दिन में 2-3 बार ऑयल कंट्रोल फेस वॉश से भी चेहरा धोएं। इससे स्किन पर नजर आने वाला एक्स्ट्रा ऑयल हट जाएगा और फेस फ्रेश नजर आएगा।
- स्किन ऑयली है तो मॉयश्चराइजर लगाना जरूरी नहीं, यह सोच गलत है। मॉयश्चराइजर न लगाने से स्किन और ज्यादा ऑयली हो सकती है। इसलिए ऑयल फ्री मॉयश्चराइजर जरूर लगाएं।
- चेहरे को बार-बार न छुएं। इससे पिंपल्स और फेस स्किन ऑयल बढ़ता है।
- आपकी स्किन ऑयली है फिर भी हफ्ते में कम से कम दो बार स्क्रब जरूर करें।
- ऑयली स्किन वाली महिलाओं को भी सनस्क्रीन अप्लाई करना चाहिए।
- सोने से पहले मेकअप जरूर हटा लें। ❀

**(स्किन केयर एक्सपर्ट काजल शर्मा से बातचीत पर आधारित)**

इन दिनों के बदलते मौसम में जरा सी लापरवाही से आप बीमार हो सकती हैं। इससे बचाव के लिए आपको अपनी हेल्थ की एक्सट्रा केयर करनी चाहिए। इस बारे में एक्सपर्ट डॉक्टर डिटेल में बता रहे हैं।

# इस मौसम में हेल्थ की करें एक्सट्रा केयर

मेडिकल एडवाइस
**डॉ. रवींद्र गुप्ता**
सीनियर कंसल्टेंट फिजीशियन
सी.के. बिड़ला हॉस्पिटल, गुरुग्राम

इन दिनों मौसम का मिजाज बदल रहा है। दोपहर के वक्त तेज धूप खिली होती है और दिन का तापमान लगभग 25 डिग्री सेल्सियस तक होता है। वही शाम ढलते ही ठंडी हवाएं चलने लगती हैं और रात का तापमान 10-12 डिग्री तक पहुंच जाता है। इस दौरान अधिकतर लोग अपनी सेहत की देखभाल के प्रति लापरवाह हो जाते हैं। इससे उन्हें स्वास्थ्य संबंधी कई समस्याएं होने लगती हैं। आइए जानते हैं, कुछ ऐसी ही समस्याओं और उनके समाधान के बारे में।

**पोलेन एलर्जी:** फरवरी के महीने में वसंत ऋतु का आगमन हो जाता है और आस-पास के वातावरण में चारों ओर रंग-बिरंगे फूल खिले होते हैं। लेकिन इस दौरान हवा में चारों ओर इन फूलों के पोलेन यानी परागकण उड़ रहे होते हैं। इससे कुछ लोगों को एलर्जी हो जाती है। इस वजह से छींकें आने लगती हैं या सांस लेने में परेशानी होने जैसे लक्षण नजर आते हैं। इस समस्या से बचाव के लिए घर से बाहर निकलते समय आपको मास्क जरूर पहनना चाहिए।



**सर्दी-खांसी-जुकाम:** दिन का तापमान बढ़ने की वजह से लोग इस मौसम में गर्म कपड़े पहनना कम कर देते हैं, ठंडे पानी और आइसक्रीम जैसी ठंडी चीजों का सेवन शुरू कर देते हैं। ऐसी लापरवाही के कारण उन्हें सर्दी, जुकाम और खांसी जैसी समस्याएं परेशान कर सकती हैं। इससे बचाव के लिए सुबह-शाम गर्म कपड़े जरूर पहनें, घर से बाहर निकलते समय सिर और कान ढंककर रखें। गले के इंफेक्शन से बचाव के लिए नमक मिले गुनगुने पानी से गरारे करें। अदरक, तुलसी वाली चाय पिएं और नहाने के लिए अभी भी ठंडे के बजाय हल्के गरम पानी का ही इस्तेमाल करें।

**कमजोर इम्यूनिटी से होती हैं कई समस्याएं:** बदलते मौसम में वायरस और बैक्टीरिया तेजी से सक्रिय हो जाते हैं और जिन लोगों का इम्यून सिस्टम कमजोर होता है, उनके शरीर पर ऐसे वायरस आसानी से हमला कर देते हैं, जिससे उन्हें बुखार जैसी समस्या हो सकती है। इससे बचाव के लिए अपनी डाइट में संतरा, सेब, मौसंबी, अनार, अमरूद और अंगूर जैसे रंग-बिरंगे मौसमी फलों को प्रमुखता से शामिल करें। इनमें मौजूद विटामिन-सी और एंटीऑक्सीडेंट तत्व रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाते हैं, इससे आपका शरीर संक्रमण से सुरक्षित रहेगा।



**हड्डियों-जोड़ों में दर्द:** इस बदलते मौसम में अकसर तेज ठंडी हवाएं चलती हैं, जिससे कुछ लोगों (खासतौर पर पचास से अधिक उम्र के लोगों) को हाथ-पैरों के जोड़ों और हड्डियों में दर्द की समस्या परेशान करती है। जिन्हें पहले से ऑस्टियोपोरोसिस या आर्थराइटिस हो, उन्हें इस मौसम में विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। जोड़ों को दर्द से बचाने के लिए नी कैप पहनें, गुनगुने तेल की मालिश करें, नियमित वॉक और हल्की-फुल्की एक्सरसाइज भी दर्द से राहत दिलाने में मददगार होती है।

**त्वचा संबंधी समस्याएं:** बदलते मौसम में तेजी से चलने वाली शुष्क हवाओं के कारण अकसर महिलाओं की त्वचा बहुत ज्यादा रूखी हो जाती है। इससे उन्हें खुजली और रैशेज जैसी समस्याएं परेशान करती हैं। इनसे बचाव के लिए नहाने के बाद पूरे शरीर पर नारियल के तेल या मॉयश्चराइजर से मालिश करें। ❀

**प्रस्तुतिः विनीता कुमारी**

खबर संक्षेप

## डॉ. एलिस शर्मा बनी आईआईएचपी की जिलाध्यक्ष



**हिसार।** इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ होम्योपैथी फिजिशियन (आईआईएचपी) की हिसार जिला इकाई का गठन किया गया। इस चुनाव जिले के वरिष्ठ एवं होम्योपैथिक चिकित्सकों की सक्रिय भागीदारी रही।

चुनाव प्रक्रिया के उपरांत गठित नई जिला कार्यकारिणी में डॉ. एलिस शर्मा को अध्यक्ष बनाया गया है। इनके अलावा डॉ. सचिन पाहवा को उपाध्यक्ष, डॉ. मोनिका रोपरिया को संयुक्त सचिव तथा डॉ. कशिश शर्मा को कोषाध्यक्ष बनाया गया है।

चुनाव प्रक्रिया के दौरान डॉ. सुरेंद्र बिश्नोई, डॉ. सुरेश पूनिया, डॉ. मुनिश जुनेजा, डॉ. डीपी अरोड़ा, डॉ. नवनीत बिदानी, डॉ. अनिल शर्मा, डॉ. सचिन पाहवा, डॉ. नेहा बिदानी, डॉ. एलिस, डॉ. अमिता सैनी, डॉ. मिशा, डॉ. मोनिका एवं डॉ. कशिश शामिल रहे।

## मदनलाल ढींगड़ा जयंती पर कार्यक्रम कल

**हिसार।** पंजाबी कल्याण मंच व अखिल भारतीय सेवा संघ ने विशेष बैठक का आयोजन करके निर्णय लिया कि इस बार 18 फरवरी को अमर शहीद मदनलाल ढींगड़ा का जन्मदिन बड़े ही श्रद्धाभाव से प्रतिमा स्थल पर मनाया जाएगा। सर्वप्रथम पुष्पांजलि व माल्यार्पण के पश्चात हवन यज्ञ का आयोजन होगा। मंच के प्रेस प्रवक्ता जीसी नारंग ने बताया कि इस अवसर पर नगर निगम के मेयर प्रवीण पोपली मुख्य अतिथि व समाजसेवी एचके शर्मा तथा पवन गिरधर मुख्य यजमान के तौर पर उपस्थित रहेंगे। बैठक में इंद्र शर्मा, वीएल शर्मा, सुभाष कुकड़ेजा, राजेन्द्र सपडा, डी.एन.भ्याना, एच.के.धमीजा आदि उपस्थित रहे।

## गेहूं चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** गोरखपुर से गेहूं चोरी करने और चोरी का सामान खरीदने के मामले में कार्रवाई करते हुए भूना पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी उपनिरीक्षक ओमप्रकाश ने बताया कि 12 फरवरी को मेहर सिंह पुत्र गोकल चंद निवासी गोरखपुर द्वारा पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई थी। शिकायत में कहा गया था कि 9 फरवरी की रात उसके प्लॉट से गेहूं चोरी कर लिए गए। शिकायत में बताया गया कि इससे पहले भी दो बार चोरी की घटना हो चुकी है।

### आमटी झील के आसपास नप तुरंत चलाए विशेष सफाई अभियान: राजेश

# एसडीएम ने डडल पार्क के समीप बन रही सड़क में प्रयुक्त निर्माण सामग्री के सैंपल भरने के दिए निर्देश

- समाधान शिविर में एसडीएम राजेश खोथ ने सुनी जनसमस्याएं, किया समाधान
- वार्ड 17 की गली नंबर 3 में सीवरेज को दुरुस्त करने अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी



**हांसी।** समाधान शिविर में सीआरपीएफ में चयनित युवा को पेन देकर सम्मानित करते एसडीएम राजेश खोथ, उनके साथ है एसडीएम विकास यादव

जिला सचिवालय में सोमवार को आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम राजेश खोथ ने जन समस्याएं सुनी। शिविर में नारनौंद के एसडीएम विकास यादव तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान एसडीएम राजेश खोथ ने चैनत गांव निवासी गुरमीत का सीआरपीएफ में चयन होने पर पैन देकर सम्मानित किया।

शिविर के दौरान एसडीएम राजेश खोथ ने नगर परिषद के अधिकारियों को आमटी झील के आसपास के क्षेत्र में तुरंत विशेष सफाई अभियान चलाए जाने के निर्देश दिए तथा डडल पार्क के निकट बन रही सड़क में प्रयुक्त निर्माण सामग्री के सैंपल भरवाना तथा जांगड़ा धर्मशाला के पीछे निर्माण अधीन गली का लेवल चैक करवाने के निर्देश भी दिए।

शिविर में पाली गांव की प्राथमिक पाठशाला में बने आंगनबाड़ी केंद्र भवन को लेकर प्रस्तुत शिकायत के संबंध में पंचायती राज, विकास एवं पंचायत विभाग तथा महिलाएं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह संयुक्त रूप से आंगनबाड़ी केंद्र भवन का दौरा कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें ताकि भवन को कंडम करवाने या इसकी मरमत करवाने के लिए आवश्यक कार्रवाई पूर्ण की जा सके।

वहीं शहर के वार्ड नंबर 17 की गली नंबर 3 में सीवरेज लाइन को दुरुस्त करवाने को लेकर प्रस्तुत समस्या के समाधान के लिए जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को तुरंत मौका मुआयना कर दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार से घिराय गांव में लीकेज जल आपूर्ति पाइपलाइन को ठीक करने के निर्देश भी दिए गए।

### खरकड़ा में रिहायशी क्षेत्र में कब्जे की शिकायत एसडीएम को जांच के निर्देश

*हिसार। लघु सचिवालय परिसर स्थित जिला सभागार में सोमवार को समाधान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में डीसी महेंद्र पाल ने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने विभाग से संबंधित शिकायतों का निपटारा समय पर करना सुनिश्चित किया जाए। समाधान शिविर में गांव खरकड़ा निवासी प्रार्थी द्वारा रिहायशी क्षेत्र में कब्जा करने की शिकायत पर उपायुक्त ने एसडीएम बरवाला को मामले की जांच कर समस्या का समाधान करवाने के निर्देश दिए। हिसार निवासी पताशो द्वारा बिजली कनेक्शन न मिलने की शिकायत तथा वार्ड नंबर 19 प्रार्थी सुनील कुमार द्वारा बिजली मीटर अपने नाम करवाने की मांग पर उपायुक्त ने बिजली निगम के एसई को प्रार्थी के समक्ष आ रही समस्या को दुरुस्त करने की हिदायत दी। मेहता नगर निवासी राकेश असीजा द्वारा नगर में दो मकानों की ऊपर वाली कंडम हो चुके ढांचे का गिराने की मांग पर उपायुक्त ने नगर निगम के अधिकारियों को जांच उपरांत विभागीय कार्रवाई करने को कहा। ग्राम पंचायत कौथ कलां द्वारा हरियाणा रोडवेज के बस संचालन के समय में बदलाव करवाने की मांग पर उपायुक्त ने रोडवेज महाप्रबंधक को मामले की जांच की समस्या का उचित हल निकालने के निर्देश दिए। इस अवसर पर नगराधीश हरिराम, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेन्द्र सिंह, जिला कल्याण अधिकारी दीपिका सारसर सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।*



**हिसार।** समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनते उपायुक्त महेंद्र पाल।



**नारनौंद।** नारनौंद से श्रद्धालुओं का जत्था खाटू श्याम जाते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

# खाटू के लिए श्रद्धालुओं का पैदल जत्था रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौंद

- 16 से शुरू होकर 25 फरवरी नवमी को खाटू धाम पहुंचेगी। दशमी तिथि को बाबा श्याम को निशान अर्पित किया जाएगा
- 23वीं निशान यात्रा श्याम भक्तों द्वारा निकाली गई और भक्तों का जत्था नारनौंद से भिवानी के रास्ते खाटू श्याम पहुंचेंगे

श्री श्याम मंदिर जनता हाई स्कूल से खाटूश्याम के लिए पदयात्रा एवं निशान यात्रा निकल गई। इसमें बाबा का एक निशान उठाकर लगभग बीस भक्तों का जत्था नारनौंद से रवाना हुआ। जो 16 से शुरू होकर 25 फरवरी नवमी को खाटू धाम पहुंचेगी। दशमी तिथि को बाबा श्याम को निशान अर्पित किया जाएगा।

संचालक सत्यवान शर्मा ने बताया कि यह 23वीं निशान यात्रा श्याम भक्तों द्वारा निकाली गई और भक्तों का जत्था नारनौंद से भिवानी के रास्ते खाटू श्याम पहुंचेंगे। भिवानी से हरियाणा के चारों ओर से आए निशान एक साथ अपनी यात्रा आगे बढ़ाएंगे और दशमी तिथि को बाबा को यह निशान अर्पित करेंगे। नारनौंद से इस आयोजन में महिला श्रद्धालु भी शामिल हुई और पैदल यात्रा कर खाटू धाम को जाएंगे। इस अवसर पर शिवकुमार, राजेश, सतीश, शीनू, हरिओम, अमन, विकास, डब्लू मोठ, सोनू, विजय, राहुल, पूर्ण, सीमा, कौशल्या, श्याम और पिंकी व राकेश आदि मौजूद रहे।

# नागोरी गेट हनुमान मंदिर में शिवरात्रि पर रात्रि पहर में हुई पूजा व रुद्राभिषेक



**हिसार।** सनातन धर्म हनुमान मंदिर, नागोरी गेट में महाशिवरात्रि का पर्व बीती रात धूमधाम से मनाया गया। देवों के देव भूतनाथ महादेव व शिव परिवार की दोनों समय पूजा-अर्चना व रुद्राभिषेक मंदिर शिवालय में आयोजित किया गया। दिन भर नगर वासियों व शिव भक्तों की भीड़ लगी रही। मंदिर ट्रस्ट की ओर से शिव भक्तों के लिये बिल्व पत्र की व्यवस्था की गई। मंदिर ट्रस्ट के प्रवक्ता ने बताया कि रात्रि पहर में भी देवादि महादेव व शिव परिवार की पूजा-अर्चना व रुद्राभिषेक विद्वान ब्राह्मणों द्वारा डॉ. ललिता राजवंशी के मार्गदर्शन में की गई जिसमें नगर के अनेकों गणमान्य व्यक्तियों व ट्रस्ट सदस्यों ने विधिवत रुप से जय बाबा भोलेनाथ व हर-हर महादेव के जयकारों के साथ रूद्राभिषेक किया।

### महाशिवरात्रि पर महाकाल स्वरूप का किया विशेष श्रृंगार व रुद्राभिषेक

**हिसार।** महाभारतकालीन बीड़ बबरान धाम में महाशिवरात्रि धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर महादेव के महाकाल स्वरूप का विशेष श्रृंगार किया गया और रुद्राभिषेक करके इष्ट की स्तुति की गई। इस दौरान पूरा धाम जय भोलेनाथ के उदघोष से गुंजायमान हो उठा। इस अदभुत व अलौकिक दृश्य को देखने के लिए विभिन्न क्षेत्रों से बीड़ बबरान धाम में श्रद्धालु उमड़ पड़े। बीड़ बबरान धाम के निज पुजारी विनय शर्मा ने बताया कि श्रद्धालुओं की बीड़ बबरान धाम के प्रति अगाध आस्था है। उन्होंने बताया कि महाशिवरात्रि पर धाम में स्थापित शिव परिवार की विधि-विधान से आराधना करते हुए भोलेनाथ का श्रृंगार किया गया। इसके साथ ही रुद्राभिषेक करते हुए भोलेनाथ की पूजा-अर्चना की गई। इसके साथ ही ज्योत प्रज्ज्वलित करके विभिन्न प्रकार के फल भी भोलेनाथ को अर्पित किए गए। उन्होंने बताया कि बीड़ बबरान धाम में 17 से 24 फरवरी तक आयोजित होने वाले 53वें बबरान नरेश प्रकटोत्सव की तैयारियां भी चरम पर हैं। उन्होंने बताया कि प्रकटोत्सव के लिए पूरे धाम को रंग-बिरंगी लड़ियों व लाइट से सजाया गया है। उन्होंने कहा कि 17 फरवरी को बीड़ बबरान के श्याम कुंड से बीड़ बबरान धाम तक कलश यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा में ज्यादा से ज्यादा लोगों को शामिल होने की अपील की। यह यात्रा पूरे शहर में निकाली जाएगी।

# डॉक्टर केवल उपचारकर्ता ही नहीं, समाज को दिशा देने वाले संवेदनशील प्रहरी भी : डॉ. वत्स

### अग्रोहा मेडिकल में फीटल इकोकार्डियोग्राफी रिफ्रेशर कोर्स का आयोजन

- बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ की दिलाई गई शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



**हिसार।** कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि एवं अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज अग्रोहा में इरिया हरियाणा चैप्टर के तत्वावधान में आयोजित फीटल इकोकार्डियोग्राफी रिफ्रेशर कोर्स सोमवार को सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए वरिष्ठ रेडियोलॉजिस्ट, प्रोफेसर, चिकित्सकगण, शोधार्थी एवं प्रतिभागियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

यह आयोजन मातृ-शिशु स्वास्थ्य सुरक्षा के प्रति चिकित्सा जगत की प्रतिबद्धता को सशक्त रूप से अभिव्यक्त करता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनरल डॉ. डीपी वत्स रहे। उनके साथ विशिष्ट अतिथि प्रशासनिक निदेशक डॉ. आशुतोष शर्मा, डॉ. राजीव चौहान, डॉ. अनामिका बिश्नोई, डॉ. अंजू यादव, डॉ. प्रियंका छाबड़ा, डॉ. रामबख्श शर्मा, डॉ. राजेश रेड्‌डु, डॉ. दीपक यादव, डॉ. राजीव भाटिया, डॉ. आकांक्षा गर्ग, डॉ. आरपी सिंघल, वरिष्ठ शिक्षकों तथा प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति ने समारोह की गरिमा को और बढ़ाया। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन से हुआ, जो ज्ञान, सेवा और चिकित्सा के उज्ज्वल संकल्प का प्रतीक है।

समारोह के दौरान समाज के प्रति चिकित्सा समुदाय की जिम्मेदारी को रेखांकित करते हुए मुख्य अतिथि ने सभी उपस्थित चिकित्सकों, विद्यार्थियों और प्रतिभागियों को बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ अभियान के समर्थन में शपथ दिलाई। शपथ में कन्या भ्रूण हत्या के विरोध, बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देने, लैंगिक समानता स्थापित करने तथा समाज में सम्मानजनक वातावरण निर्मित करने का संकल्प लिया गया।

मुख्य अतिथि जनरल डॉ. डीपी वत्स ने कहा कि किसी भी राष्ट्र की प्रगति उसकी बेटियों की सुरक्षा, शिक्षा और सम्मान से निर्धारित होती है। उन्होंने चिकित्सा समुदाय की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि डॉक्टर केवल उपचारकर्ता ही नहीं, बल्कि समाज को दिशा देने वाले संवेदनशील प्रहरी भी होते हैं।



### आर्य नगर में स्वाभिमान प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ

**हिसार।** भीख नहीं किताब दो संस्था की ओर से जरुरतमंद बच्चों को समाज में सिर ऊंचा करके जीना सिखाने की दिशा में किये जा रहे प्रयासों की कड़ी में संस्था ने अब रॉयल मेकरेम के सहयोग से गांव आर्य नगर में स्वाभिमान प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ किया है। भीख नहीं किताब दो संस्था की संचालक अनु चिनिया ने बताया कि यह कदम उन बच्चियों को स्वावलंबी बनाने के लिए उठाया गया है जो भीख मांगती है और कबाड़ बीनने का काम करती हैं। प्रशिक्षण केंद्र में संस्था टीम के सदस्य और रॉयल मेकरेम की संचालिका रेणुका जाखड़ द्वारा बालिकाओं को प्रशिक्षित करने के साथ-साथ उन्हें काम भी दिलवाया जाएगा। इस अवसर पर लाडली चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक अनिल सिंगला, सरपंच रतन सिंह, वीरेंद्र बड़ाला, संस्था के महासचिव सुरेश पूनिया, पवन कुमार, डॉ. संदीप कल्याणा, अर्चना ठकराल, रेणुका, रवि, अंकुर आदि के अलावा बच्चे और उनके अभिभावक भी उपस्थित रहे।

# बार एसोसिएशन में सब डिविजनल जुडिशियल मजिस्ट्रेट पीयूष गक्खड़ का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौंद

नारनौंद में कोर्ट की शुरुआत होने के बाद यहां पर जज की नियुक्ति भी कर दी गई थी। नारनौंद बार एसोसिएशन की तरफ से सब डिविजनल जुडिशियल मजिस्ट्रेट पियूष गक्खड़ का बार के प्रधान ज्ञान प्रकाश लोहान ने गुलदस्ता भेंट करके स्वागत किया। एसडीजेएम पीयूष गक्खड़ ने अपने संबोधन में कहा कि हमारी तरफ से सभी को पूरा सहयोग मिलेगा। किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नहीं आने दी जाएगी। कोर्ट की बिल्डिंग और वकीलों के चेंबर को लेकर जल्द ही हिसार सैशन जज से मिलकर समाधान करने की कोशिश की जाएगी। यहां की न्याय प्रणाली में व्यापक सुधार लाकर लोगों को जल्द से जल्द न्याय मिलें। इसके लिए कार्य किया जा रहा हैं। बार एसोसिएशन के प्रधान ज्ञान प्रकाश लोहान ने बताया कि नारनौंद में जल्द ही एक जज की और नियुक्ति की जाए क्योंकि यहां पर करीब 4700 फाइलें है।



**नारनौंद।** एसडीजेएम पीयूष गक्खड़ का स्वागत करते बार एसोसिएशन के प्रधान ज्ञान प्रकाश लोहान व सुनील पनिहार।

**कार्यक्रम में ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर बार एसोसिएशन के सचिव सुनील पनिहार, सुशील शर्मा, अमनदीप ढांडा, कृष्ण काजल, भीम गौतम, अर्जुन ढांडा, प्रदीप लोहान, संदीप लोहान संजू पनिहार, पवन बड़गुज्जर, अनूप श्योराण, नरेश श्योराण, अजय राजथल आदि मौजूद थे।



### युवाओं के समक्ष अनेक सामाजिक चुनौतियां : डीडीपीओ

**हिसार।** जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा राजगढ़ रोड स्थित गुरू गोरखनाथ राजकीय महाविद्यालय के सभागार में जिला स्तरीय यूथ रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेन्द्र कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। यह शिविर 20 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण शिविर में जिले के 20 महाविद्यालयों से लगभग 120 यूथ कार्यकर्ता एवं काउंसलर भाग ले रहे हैं। जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेन्द्र कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में युवाओं के समक्ष अनेक सामाजिक चुनौतियां विद्यमान हैं, जिनमें नशाखोरी, सामाजिक कुरीतियाँ एवं अनैतिक प्रवृत्तियां प्रमुख हैं। युवाओं को चाहिए कि वे स्वयं इन बुराइयों से दूर रहें तथा अपने साथियों और समाज के अन्य वर्गों को भी इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करें। प्रशिक्षण शिविर में रेडक्रॉस सोसायटी सचिव रविन्द्र कुमार, राजकीय महाविद्यालय प्रधानाचार्य डॉ विवेक सैनी, जिला प्रशिक्षण अधिकारी विनोद कुमारी, कुलदीप, नरेश कुमार, नरेंद्र कुमार, नरेश बिस्सु, संदीप, बजरंग सहित रेडक्रॉस स्टाफ उपस्थित रहा।

**कार्यक्रम** अपने परिवार व शिक्षण संस्थान को हमेशा याद रखें : प्रीतम सिंह

# सिल्वर जुबली पर 26 साल बाद मिले गुरु-शिष्य यादों में हुए भावुक, संघर्ष की कहानियां की साझा

- पूर्व छात्रों ने अपने-अपने कक्षा कक्ष में जाकर स्मृतियां ताजा की व अपने गुरुओं के साथ फोटो खिंचवाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ उकलाना



**उकलाना।** कार्यक्रम में उपस्थित स्कूल के पूर्व छात्र एवं शिक्षक।

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय उकलाना में आयोजित सिल्वर जुबली समारोह उस समय भावुक क्षणों में बदल गया जब वर्ष 1998-99 में बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थी पूरे 26 वर्ष बाद अपने गुरुओं से मिले। गुरु-शिष्यों ने पुरानी यादें ताजा कीं, संघर्ष और सफलता की कहानियां साझा कीं तथा अपने शिक्षकों से आशीर्वाद प्राप्त किया।

कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी सुभाष चंद्र, सेवानिवृत्त प्रिंसिपल प्रीतम सिंह, मनोहर लाल शर्मा, सुरजमल धतरवाल, बलदेव भाटिया, सुरेंद्र खुराना, मॉडल संस्कृति स्कूल गंगवा के प्रिंसिपल जयभगवान वर्मा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। स्वर्गीय रामकुमार बिश्नोई के पौत्र अरविंद बिश्नोई तथा स्वर्गीय राधाकिशन भाटिया के पुत्र प्रवक्ता डॉ. पंकज भाटिया भी कार्यक्रम में शामिल हुए। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. अर्जुन देव ने पूर्व शिक्षकों और छात्रों का स्वागत किया।

सेवानिवृत्त प्रिंसिपल प्रीतम सिंह ने भावुक होकर कहा कि विद्यार्थियों का स्नेह ही उन्हें 80 वर्ष की आयु में भी यहां खींच लाया है। उन्होंने कहा कि अपने परिवार व शिक्षण संस्थान को हमेशा याद रखे। पूर्व छात्रों ने अपने-अपने कक्षा कक्ष में जाकर अपनी पुरानी सीटों पर बैठकर स्मृतियां ताजा कीं और अपने गुरुओं के साथ फोटो खिंचवाए। शिक्षाविद् मनोहर लाल शर्मा ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उन्हें नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई।

**ये रहे उपस्थित**

कार्यक्रम में पूर्व छात्र एवं सरपंच होशियार बांगड़वा, सरपंच प्रभुवाला अनिल कुमार, सुशील सेलवाल, सत्यवान वर्मा, जयभगवान चौहान, रामफल वर्मा, अतुल शर्मा सहित अनेक पूर्व छात्र उपस्थित रहे। समारोह हं सी - खु शी , भावनात्मक पलों और प्रेरणादायक संदेशों के साथ संपन्न हुआ।

**हकृवि में चार दिवसीय एक्वा उद्यम-2026 का हुआ शुभारंभ**

# संपूर्ण देश में तेजी से विकसित हो रहा मत्स्य क्षेत्र : प्रो. काम्बोज

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

- सोमवार को मत्स्य स्टार्टअप एवं एक्वाप्रेन्योरशिप हितधारकों की बैठक आयोजित की गई

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय और राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंधन संस्थान (मैनेज) हैदराबाद की ओर से संयुक्त रूप से आयोजित चार दिवसीय एक्वा उद्यम-2026 का शुभारंभ हुआ। मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में आयोजित मत्स्य उद्यमिता विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत सोमवार को मत्स्य स्टार्टअप एवं एक्वाप्रेन्योरशिप हितधारकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज मुख्य अतिथि जबकि कृषि विस्तार (मैनेज) के निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. सरवनन राज विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। मंच पर विभागाध्यक्ष डॉ. दलीप कुमार बिश्नोई भी मौजूद रहे।

कुलपति प्रो. बीआर म्बोज ने अपने संबोधन में कहा कि मत्स्य क्षेत्र से नवाचार और उद्यमिता को नई दिशा मिलेगी। देश में मत्स्य क्षेत्र तेजी से विकसित हो रहा है। यह न केवल पोषण सुरक्षा का आधार है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था और युवाओं के लिए रोजगार सृजन का महत्वपूर्ण साधन भी है। ऐसे समय में एक्वा उद्यम 2026 कार्यक्रम अत्यंत प्रासंगिक है। एक्वा उद्यम के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि जलीय संसाधनों के सतत उपयोग के माध्यम से स्थानीय स्तर पर आजीविका उत्पन्न करना, युवाओं को प्रशिक्षित कर स्वरोजगार के अवसर पैदा करना और मत्स्य पालन में आधुनिक तकनीकों को बढ़ावा देना है। यह क्षेत्र ग्रामीण आजीविका, आत्मनिर्भरता और मत्स्य आधारित उत्पाद बनाकर अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।




**हिसार।** अधिकारियों एवं प्रतिभागियों के साथ कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज। *फोटो : हरिभूमि*

## खबर संक्षेप

### सरपंचों और ग्रामीणों के साथ पुलिस ने की बैठक

**नारनौंद।** थाना बास क्षेत्र में अपराधियों से निपटने के लिए और नशे पर लगाम लगाने के लिए बास थाना प्रभारी बलवान सिंह ने सरपंचों एवं मौजिज ग्रामीणों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। उनसे बातचीत कर पुलिस का सहयोग करने की अपील की। बैठक के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों को साइबर अपराधों से बचाव, युवाओं को खेलों की ओर प्रेरित करने, नशा मुक्त समाज के निर्माण, सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम तथा गांवों में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के संबंध में जानकारी दी गई।

### आदमपुर से बीड़ बबरान यात्रा 22 को रवाना होगी

**आदमपुर।** खाटू श्याम बालाजी सेवा समिति के तत्वाधान में 22 फरवरी को आदमपुर से सुबह 7:15 बजे शिव हनुमान मंदिर एडिशनल मंडी से रवाना होगी। समिति सहयोगी मुकेश गोयल ने बताया कि यात्रा का मुख्य आकर्षण बाबा श्याम का भव्य दरबार, फूलों की वर्षा, श्याम रसोई, डीजे की धुन पर नाचते भक्त जन होंगे। उन्होंने बताया कि यात्रा में शामिल प्रत्येक भक्त को बाबा श्याम का खजाना व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया जाएगा। भक्तों को लाने ले जाने के लिए वाहनों की विशेष व्यवस्था होगी।

### टीबी के 20 मरीजों को दी प्रोटीन की चौथी डाइट

**हिसार।** रोटरी सैंट्रल हिसार की ओर से पटेल नगर स्थित धर्मशाला में टीबी के 20 मरीजों को प्रोटीन की चौथी डाइट दी गई। क्लब द्वारा इन 20 मरीजों को गोद लिया गया है जिन्हें 6 महीने के लिए प्रोटीन डाइट उपलब्ध करवाकर उन्हें टीबी के इलाज में उनका सहयोग किया जा रहा है। मौके पर क्लब की तरफ से प्रधान सुनील मलिक, प्रोजेक्ट चेयरमैन प्रो. हरीश जुनेजा, विनोद आहुजा, कुलदीप खेड़ा, कृष्ण मलिक, रविन्द्र कत्याल, नवीन साहनी, सुनीता महतानी व अशोक ग्रोवर मौजूद रहे।

### रावलवास खुर्द में लगा किसान प्रशिक्षण शिविर

**आदमपुर।** गांव रावलवास खुर्द में किसानों के लिए सरसों में मशीनीकरण पर एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत संचालित परियोजना के तहत हुआ। कार्यक्रम में हरियाणा कृषि विवि के अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र सदलपुर के डा. नरेंद्र कुमार ने सरसों में आधुनिक मशीनीकरण, लागत घटाने और उत्पादन बढ़ाने की तकनीकों की जानकारी दी। डा. ओमप्रकाश नेहरा ने कीट-रोग प्रबंध व बीज तैयार करने की विधि बताई। डा. सुरेश सिल्ला व डा. कुलदीप ने सरसों, गेहूं में ताप प्रबंधन के अलावा कपास में गुलाबी सुंडी पर जागरूक किया।

### स्वयंसेविकाओं को प्रमाण-पत्र वितरित

**हिसार।** राजकीय महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का सोमवार को समापन समारोह आयोजित किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय, सिवानी से राजकुमार ख्यालिया रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य महोदय डॉ. सतबीर सिंह सांगा ने की। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी हिना ने बताया कि समारोह के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली स्वयंसेविकाओं को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए तथा अतिथियों को स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर डॉ. सत्येंद्र यादव, सुनीता, सतीश सिंगला आदि उपस्थित रहे।

### खाटू श्याम-सालासर बस यात्रा 21 को

**आदमपुर।** श्रीखाटू श्याम सालासर बालाजी सेवा समिति की ओर से शनिवार 21 फरवरी को फाल्गुन सतरंगी 95वीं खाटू श्याम-सालासर पारिवारिक बस यात्रा का आयोजन किया जाएगा। यात्रा से पहले बस को दुल्हन की तरह सजाया जाएगा। समिति के अध्यक्ष अमित गोयल व नरेश गोयल ने बताया कि यात्रा में श्रद्धालु खाटू श्याम व सालासर बालाजी के अलावा अनेक दर्शनीय स्थलों का भ्रमण करेंगे।

---

## हरियाणा के साथ पंजाब, हिमाचल, जम्मू, राजस्थान, गुजरात, दिल्ली व यूपी से भी पहुंचे किसान

# टीटीसी की प्रदर्शनी में पौने दो लाख लोगों ने किए कृषि उपकरणों के दर्शन

*आधुनिक कृषि तकनीकी और नए कृषि उपकरणों से हुए रूबरू*

- देश-विदेश की 320 कंपनियां ने उत्पादों को किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

सिरसा रोड़ स्थित उत्तरी क्षेत्र कृषि मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान (टीटीसी) में सोमवार को तीन दिवसीय कृषि दर्शन प्रदर्शनी का समापन हुआ। इन तीन दिनों में लगभग पौने दो लाख लोगों ने कृषि से सम्बन्धित तकनीकों की जानकारी ली। इस मेले में लोगों ने मशीनरी, ड्रोन, बीज, खाद, ट्रैक्टर, टूल्स, बागबानी, प्राकृतिक खेती, जैविक खेती, कृषि लोन, पशु आहार आदि किसानों से सम्बन्धित उपयोगी जानकारी ली। हरियाणा ही नहीं आस-पास के क्षेत्रों जैसे पंजाब, हिमाचल, जम्मू, राजस्थान, गुजरात, दिल्ली, यूपी आदि राज्यों से किसानो व आमजन ने मेले में शिरकत की। गांव ही नहीं शहर से भी लोगों ने मेले में भाग लिया। किसान मेले में इस बार देश व विदेश से लगभग 320 कम्पनियों ने भाग लेकर अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया। टीटीसी निदेशक डॉ. मुकेश जैन ने बताया कि मेले में किसानों को सोलर ऊर्जा के फायदे और मिलने वाली सब्सिडी, पराली से होने वाली आय व पर्यावरण संरक्षण, खारे पानी से पैदावार, मिट्टी की गुणवत्ता बढ़ाने की जानकारी, खेती समस्याओं की जानकारी व उनके समाधान, विशेष छूट व सब्सिडी का प्रावधान, कृषि सम्बंधित लोन की सुविधा, खेती मशीनरी की जानकारी, उन्नत बीज, कीटनाशक व उर्वरक की जानकारी, आधुनिक व नई तकनीक वाले कृषि यंत्रों की जानकारी के अलावा इरीगेशन, ग्रीन हाऊस, पम्प व पाईप तकनीक की जानकारी भी उपलब्ध करवाई गई। किसान कैसे कम लागत में कम भूमि पर अधिक पैदावार करें, इस बारे में नई तकनीकों से रूबरू करवाया गया। आने वाले किसानों ही नहीं आमजन ने प्रदर्शनी में पूरी रूचि ली। निदेशक डॉ मुकेश जैन ने कहा कि कृषि प्रदर्शनी के जरिये किसानों के लिए आधुनिक व नई तकनीकें लाना कृषि दर्शन किसान मेले का मुख्य उद्देश्य था, जोकि सफल रहा।




हिसार। प्रदर्शनी में मशीन संचालन की जानकारी लेते टीटीसी निदेशक डॉ. मुकेश जैन व मेले का भ्रमण करने पहुंचे नीदरलैंड से आए मार्क। फोटो : हरिभूमि

**निदेशक ने किया सम्मान**

कृषि प्रदर्शनी में आए अलग-अलग कम्पनियों को टीटीसी के निदेशक डॉ मुकेश जैन के द्वारा सम्मानित किया। उनसे बातचीत करके उनकी मशीनरी व तकनीकों के बारे में जानकारी ली। टीटीसी में आयोजित कृषि प्रदर्शनी को देखने के लिए नीदरलैंड से मार्क आए जोकि कि पेशे से मशीनों की टैक्नोलोजी पर काम करते है। यहां कृषि प्रदर्शनी में आई मशीनों के बारे में जाना और समझा।

---

## मैराथन-2026 में गोदारा दंपति ने जीते गोल्ड और कांस्य पदक

- सेवानिवृत्त अधिकारी जोगिंद्र गोदारा और उनकी पत्नी शारदा ने राजस्थान के मुकाम हुई स्पर्धा में लिया था हिस्सा



हिसार। अपने मेडलों के साथ दंपति जोगिन्द्र गोदारा व शारदा गोदारा।

**हिसार।** जिले के गांव लांधड़ी निवासी सेवानिवृत्त उप आबकारी आयुक्त 65 वर्षीय जोगिंद्र गोदारा व उनकी धर्मपत्नी शारदा गोदारा ने राजस्थान के मुकाम आयोजित मैराथन-2026 दौड़ में राष्ट्रीय प्रतियोगिता मेडल व कैश अवार्ड जीतकर हरियाणा व अपने गांव का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता का आयोजन मुकाम में किया गया।


इस प्रतियोगिता में जोगिंद्र गोदारा ने 21 किलोमीटर की दौड़ में ब्राउंज मेडल व कैश अवार्ड हासिल किया, जबकि उनकी पत्नी शारदा गोदारा ने दस किलोमीटर की दौड़ में गोल्ड मेडल व कैश अवार्ड जीता है। नोखा के विधायक बिहारी लाल ने दंपति को मैडल, स्मृति चिह्न व कैश अवार्ड देकर संमानित किया है। जोगिंद्र गोदारा ने बताया कि 21 किलोमीटर की दौड़ में ऊंचाई निचाई के रास्ते थे, फिर भी इन रास्तों को पार करके प्रतियोगिता में मेडल हासिल किया है। जोगिंद्र गोदारा ने बताया कि कुछ पांव में स्पोट्र्स इंजरी हो गई थी जिससे उनके फिटनेस कोच आकाश सूद ने एक सप्ताह में पूर्ण रूप से फिट कर दिया था। जोगिंद्र गोदारा इससे पहले थाइलैंड में दौड़ प्रतियोगिता में वर्ष (2025) में ब्राउंज मेडल जीत चुके हैं। साथ ही वर्ष 2020 में दिल्ली में आयोजित मैराथन में भी ब्राउंज जीत चुके है। दंपति के अनुसार जीवन में हमें शुद्ध शाकाहारी भोजन, दूध, दही का खाना, इसी थ्योरी पर हमेशा चले, इसकी बदौलत मेडल हासिल किए हैं। मेडल की जीत पर बिश्नोई सभा के पूर्व उपाध्यक्ष रामस्वरूप मांजू ने दंपत्ति को मेडल लाने पर बधाई दी है।

---

# लक्ष्मीबाई कॉलेज की दो छात्राएं बनीं सहायक प्रोफेसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

भिवानी रोहिल्ला स्थित महारानी लक्ष्मीबाई कालेज की मेधावी छात्राओं ने एचपीएससी द्वारा सहायक प्राध्यापक के पद पर चयनित होकर अपना व संस्थान का नाम रोशन करने का काम किया है । महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. शमीम शर्मा ने बताया कि महाविद्यालय की छात्रा कीर्ति का एचपीएससी द्वारा सहायक प्रोफेसर हिंदी व छात्रा रीना का सहायक प्रोफेसर अर्थशास्त्र के पद पर चयन हुआ। उन्होंने कहा कि इन दोनों की लग्न परिश्रम और समर्पण हम सबके लिए प्रेरणा का उज्ज्वल उदाहरण है। महाविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर इन दोनों छात्राओं को उनकी उपलब्धि पर विशेष रूप से सम्मानित भी किया गया। महाविद्यालय चेयरमैन श्री भारत भूषण प्रधान ने छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की।

चयनित छात्राएं।

### डोभी के साधारण परिवार की बेटी असिस्टेंट प्रोफेसर बनी



असिस्टेंट प्रोफेसर लगने वाली निशा।

**हिसार।** जिले के गांव डोभी में साधारण परिवार की बेटी निशा ने इतिहास विषय में प्रोफेसर की नौकरी पाई है। उसके पिता कारपेंटर है और निशा ने अपनी मेहनत के बल पर यह मुकाम हासिल करके दूसरों के लिए प्रेरिणा प्रस्तुत की है। निशा का परिवार बिल्कुल साधारण है और उसके पिता बलविंद्र कारपेंटर का काम कर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने अपनी बेटी की पढ़ाई में कोई कमी नहीं आने दी। इसी संघर्ष और त्याग का परिणाम है कि निशा ने इतनी कम उम्र में गजेटेड ऑफिसर का पद हासिल किया है। परिवार की यह पहली बड़ी सफलता नहीं है। कुछ समय पहले निशा के भाई सचिन ने एक ही साल में पांच सरकारी नौकरियां हासिल कर क्षेत्र में रिकॉर्ड बनाया था। भाई की इस ऐतिहासिक सफलता के बाद अब बहन ने भी हायर एजुकेशन में यह मुकाम हासिल कर परिवार का नाम रोशन किया है। निशा की यह उपलब्धि उन सभी बेटियों के लिए प्रेरणा है, जो साधारण परिवारों से आते हुए भी बड़े सपने देखती हैं। डोभी गांव के लोगों का कहना है कि इन दोनों भाई-बहन ने यह साबित कर दिया है कि असली पहचान मेहनत और लगन से बनती है, न कि हालातों से।

---

# एसकेवीडी में उन्नत एयर प्यूरीफिकेशन प्रणाली स्थापित करने में सहयोग करेगी जेएसएल

- संजीवन नामक यह पहल जेएसएल की अब तक की सबसे बड़ी सीएसआर परियोजना

**हिसार।** भारत की अग्रणी स्टेनलेस स्टील निर्माता कंपनी जिंदल स्टेनलेस श्री काशी विश्वनाथ धाम (एसकेवीडी) रैम्प भवन में एक नई, स्वदेशी उन्नत एयर प्यूरीफिकेशन प्रणाली स्थापित करने के लिए वित्तीय सहयोग कर रही है। इस परियोजना में ऐतिहासिक मणिकर्णिका घाट भी शामिल है। संजीवन नामक यह पहल जिंदल स्टेनलेस की अब तक की सबसे बड़ी सीएसआर परियोजना है।

इसे अमीदा क्लीनटेक प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से कार्यान्वित किया जा रहा है, जिसके तहत अमीदा की नवीन परिवेशीय वायु शुद्धिकरण तकनीक को लागू किया जाएगा। यह पहल पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा शुरू किए गए राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के अनुरूप है, जिसका उद्देश्य शहर, क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर स्वच्छ एवं स्वस्थ हवा सुनिश्चित करना है। इस पहल को श्री काशी विश्वनाथ धाम प्राधिकरण से स्वीकृति प्राप्त हुई है। इस पहल के तहत मणिकर्णिका घाट पर दाह संस्कार स्थल के निकट स्थित एसकेवीडी परिसर के रैम्प भवन में विशिष्ट वायु शोधन प्रणाली स्थापित की जाएगी।

इस पहल पर टिप्पणी करते हुए, जिंदल स्टेनलेस ने कहा कि यह पहल पर्यावरण संरक्षण के प्रति कंपनी की सतत प्रतिबद्धता के अनुरूप है।



हिसार। परियोजना के बारे में जानकारी देते प्रतिनिधि।

---

# कबड्डी प्रतियोगिता में एसडी स्पोर्ट्स स्कूल की टीम छाई

*एसडी स्पोर्ट्स स्कूल में कब्बड्डी और एथलेटिक्स खेल प्रतियोगिता संपन्न*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

एसडी स्पोर्ट्स स्कूल ढाणा खुर्द में दो दिवसीय कब्बड्डी और एथलेटिक्स खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में पूरे प्रदेश के विभिन्न जिलों के स्कूलों की 30 टीमों ने भाग लिया। इस अवसर मुख्यातिथि रिटायर्ड डीईओ डॉ सुभाष वर्मा व भिवानी मार्केट कमेटी के चेयरमैन कृष्ण यादव ने दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। खेल प्रतियोगिता में कब्बड्डी के साथ लड़के व लड़कियों के लिए एथलेटिक्स में 100 मीटर, 200 मीटर व 400 मीटर रेस , लॉन्ग जंप और शॉट पुट के इवेंट हुए। प्रतियोगिता में मंच संचालन प्रवीन कुमार ने किया

एसडी स्पोर्ट्स स्कूल के प्रबंधक व प्रधानाचार्य कुलदीप यादव ने बताया की 37 किलोग्राम भारवर्ग कब्बड्डी प्रतियोगिता में एसडी स्पोर्ट्स स्कूल ढाणा खुर्द की टीम ने प्रथम, मेहंदा की टीम ने द्वितीय और अलखपुरा और किरोड़ी की टीम ने तृतीय स्थान हासिल किया।

वहीं 28 किलोग्राम भार वर्ग में अलखपुरा प्रथम, मुजादपुर ने द्वितीय और खरकड़ा व लाढ़ौत भैयापुर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।



हांसी। कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### अंतर सदनीय कबड्डी में शानदार प्रदर्शन



**हिसार।** घिराय के प्रतिष्ठित व्यवसायी घराने मंगतू राम घिराइया बंसल परिवार ने दिल्ली से घिराय पहुंचकर कन्या गुरुकुल घिराय का अवलोकन किया। इस अवसर पर कन्या गुरुकुल की छात्राओं की अंतर सदनीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। बंसल परिवार ने छात्राओं की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर राष्ट्र सेविका समिति की जिला कार्यवाहिका शकुंतला, उर्मिल, शीला, सुरेश शर्मा आदि द्वारा शिवरात्रि के उपलक्ष्य में गुरुकुल में एक सत्संग कार्यक्रम का भी आयोजन किया। इस मौके पर बंसल परिवार की ओर से उनकी पुत्री रामकली व दामाद रमेश जिंदल तथा परिवार के अन्य सदस्यों बिशम्बर दास, अनिल बंसल, पुरुषोत्तम बंसल, रघुबीर बंसल, भगवत बंसल आदि मौजूद थे।

इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन सतबीर वर्मा, नरेश यादव, जिला पार्षद अमित ओला, हरियाणा प्राइवेट स्कूल संघ के अध्यक्ष सत्यवान कुंडू, तेलूराम रामायण, सूबेदार चंद्रभान यादव, बीडीसी वाइस चेयरमैन दयानंद यादव, रिटायर्ड डीईओ सदानंद शर्मा, हरियाणवी गायक सुभाष फौजी सहित काफी संख्या में गणमान्य मौजूद थे।

---



हिसार। पत्रकारों से बातचीत करते जेजेपी के युवा प्रदेशाध्यक्ष दिग्विजय चौटाला।

# अभय चौटाला टायर्ड भी और रिटायर्ड भी : दिग्विजय

*जेजेपी के युवा प्रदेश अध्यक्ष ने इनेलो नेता अभय पर तंज कसा*

**हिसार।** जेजेपी के युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय चौटाला ने इनेलो नेता एवं अपने चाचा अभय सिंह चौटाला पर तंज कसते हुए कहा कि अभय चौटाला टायर्ड भी और रिटायर्ड भी है। वर्तमान में उनकी हालत सौरव गांगुली जैसे हो गई, ये गांगुली की तरह बीसीसीआई से आखिरी पानी मांग रहे हैं। उन्होंने कहा कि इनेलो में युवाओं की सुनने वाला अब कोई नहीं है। दिग्विजय चौटाला सोमवार को जेजेपी कार्यालय में कार्यकर्ताओं की बैठक लेने से पूर्व पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। पार्टी के युवा प्रदेशाध्यक्ष ने घोषणा की कि 13 मार्च को हांसी की अनाज मंडी में डॉ. अजय सिंह चौटाला के जन्मदिवस को सर्व हरियाणा जन चेतना दिवस के रूप में मनाया जाएगा। उन्होंने दावा किया कि हांसी रैली में भारी संख्या में पहुंचने वाले युवा, बुजुर्ग, माता व बहनें 2029 में सत्ता परिवर्तन का संदेश देने वाले हैं। इस रैली के माध्यम से ही निरंतर मजबूत हो रही जजपा का कुनबा बढ़ाने का भी काम करेंगे।

इस अवसर पूर्व चेयरमैन राजेंद्र लितानी, जिला प्रधान अनिल बालकिया, सत्यवान बिछपड़ी, मास्टर ताराचंद, अजीत, सुमन श्योराण, अनिल शर्मा, जिला प्रवक्ता रवि आहूजा, गौरव सैनी, राजेश झाझड़िया, कैप्टन छाजू राम, राजेंद्र चुटानी आदि मौजूद थे।

---

# भारत-अमेरिका ट्रेड डील का असर कृषि व्यवस्था पर पड़ेगा : बृजलाल

- कांग्रेस ने प्रदर्शन करके सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से जनता के विभिन्न मुद्दों पर लघु सचिवालय के समक्ष प्रदर्शन करके धरना दिया गया। धरने के बाद अधिकारियों को मांगों का ज्ञापन सौंपा गया। सोमवार को किए गए धरने प्रदर्शन का नेतृत्व जिला अध्यक्ष बृजलाल बहबलपुरिया ने किया। प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष बृज लाल बहबलपुरिया ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की नीतियों के कारण किसान, बुजुर्ग, गरीब और युवा वर्ग लगातार परेशान हो रहा है। भारत-अमेरिका ट्रेड डील का असर देश की कृषि व्यवस्था पर पड़ सकता है, जिससे किसानों की आजीविका प्रभावित होने का खतरा है। उन्होंने सरकार से मांग की कि किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए ऐसे फैसलों की समीक्षा की जाए।


इस मौके पर एआईसीसी सदस्य राजेश संदलाना, पूर्व प्रत्याशी भूपेंद्र सिंह गंगवा, पूर्व नलवा हलका प्रत्याशी अनिल मान, पार्टी नेता अनूप सरसाना, दिलबाग सिंह हुड्डा, सुखबीर डूडी, कर्ण सिंह रानोलिया, आनंद जाखड़, नरेश मलिक, राजेंद्र ठाकुर हांसी, एडवोकेट कमल सहरावत आदि उपस्थित रहे।



हिसार। अधिकारियों को ज्ञापन सौंपते कांग्रेस नेता।

### जाट कॉलेज की फुटबॉल टीम दूसरे स्थान पर रही

**हिसार।** छाजूराम मैमोरियल जाट कॉलेज की फुटबॉल टीम ने इंटर कॉलेज स्टेट फुटबॉल चैंपियनशिप के पुरुष वर्ग में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। टीम की सफलता से पूरे कॉलेज परिसर में खुशी का माहौल है। महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग के अध्यक्ष एवं खेल प्रभारी डॉ महेश ख्यालिया ने बताया कि इंटर कॉलेज स्टेट फुटबॉल चैंपियनशिप का आयोजन राजकीय महाविद्यालय हथीन में हाल ही में हुआ। प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए महाविद्यालय की टीम ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय पहुंचने पर कॉलेज प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्र कुमार बाजिया ने फुटबॉल टीम के खिलाड़ियों की सराहना की। इस अवसर पर डॉ. स्वीटी जून, डॉ. विनय कुमार व प्राध्यापिका हिमांशी भी मौजूद रहे।



हिसार। विजयी टीम के साथ प्राचार्य व अन्य स्टाफ सदस्य।

---

## गुजविप्रौवि में पीडीयूआईआईसी के अंतर्गत आई-कनेक्ट के सौजन्य से शुरू हुआ 'कोनार्क 26' टेक फेस्ट

# वर्तमान समय में उम्र की सीमा से आगे बढ़ गया ज्ञान

- युवा विश्व प्रसिद्ध उद्यमी बनकर अपने आप को स्थापित कर रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा है कि वर्तमान समय में ज्ञान उम्र की सीमा से आगे बढ़ गया है। अपने आइडियाज और नवाचारों की वजह से युवा विश्व प्रसिद्ध उद्यमी बनकर अपने आप को स्थापित कर रहे हैं।

बच्चों को अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तथा मशीन लर्निंग (एमएल) से भी आगे बढ़कर सोचना होगा ताकि समस्याओं के समाधान में वे अपना सार्थक योगदान दे सकें। प्रो. नरसी राम बिश्नोई विवि के पंडित दीनदयाल उपाध्याय इनोवेशन एंड इनक्यूबेशन सेंटर के अंतर्गत आई-कनेक्ट के सौजन्य से चौधरी रणबीर सिंह सभागार में शुरू हुए 'कोनार्क 26' कार्यक्रम का उद्घाटन करने के उपरांत आगंतुक विद्यार्थियों तथा प्रतिभागियों से बात कर रहे थे। अध्यक्षता पीडीयूआईआईसी के निदेशक प्रो. ओम प्रकाश सांगवान ने की। मौके पर डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर प्रो. मुकेश शर्मा, तकनीकी सलाहकार प्रो. संदीप मौजूद रहे।



हिसार। 'कोनार्क 26' में एक्पो डिस्पले स्टॉल का निरीक्षण करते मुख्यातिथि कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई। फोटो : हरिभूमि

**देशभर के 1800 से अधिक विद्यार्थी ले रहे हैं भाग**

पीडीयूआईआईसी के निदेशक प्रो. ओम प्रकाश सांगवान ने बताया कि इसमें देशभर के 13 प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों के 1800 से अधिक विद्यार्थी भाग ले रहे है। 'कोनार्क 26' में चौधरी देवी लाल विश्वविद्यालय सिरसा के विद्यार्थियों के अतिरिक्त आरपीएस पब्लिक स्कूल, हांसी के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

**विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किए नए आइडियाज**

चौधरी रणबीर सिंह सभागार में विद्यार्थियों की 18 टीमों ने डीपफेक न्यूज व वीडियो से बचाव के अतिरिक्त डिजिटल पहचान रक्षक, टांसफॉर्मर अपग्रेडेशन, स्मार्ट इकोनॉमी, मानसिक तथा यादों आदि से जुड़ी आधुनिक समस्याओं से संबंधित टूल्स तथा हादसों से बचने व हादसा होने के बाद की व्यवस्थाओं से संबंधित आइडियाज प्रस्तुत किए गए। सोमवार को आइडियाथॉन के अतिरिक्त एक्सपोजॉन के माध्यम से नए स्टार्ट-अप प्रदर्शित भी किए गए। हैकाथॉन, कैडमास्टर्स, रूब गोल्डबर्ग मशीन तथा ब्रेन बैटल आदि प्रतियोगिताएं भी शुरू हो गई हैं।

---

# औसत और अस्थायी बिलिंग मामलों के शीघ्र निस्तारण के दिए निर्देश



विक्रम सिंह, एमडी।

**हिसार।** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम (डीएचबीवीएन) के प्रबंध निदेशक विक्रम सिंह ने सभी मुख्य अभियंताओं, अधीक्षण अभियंताओं, कार्यकारी अभियंताओं एवं उपमंडल अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे ओआरसी बैठकों से संबंधित सभी आवश्यक सूचनाएं एवं अद्यतन आंकड़े पूर्ण तैयारी के साथ प्रस्तुत करें। प्रबंधन द्वारा समय-समय पर निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए विशेष प्रयास सुनिश्चित करें। उनके निर्देशानुसार निगम के विभिन्न सर्कलों में सर्कल-वार ऑपरेशनल रिव्यू कमेटी (ओआरसी) बैठकों का आयोजन किया जाएगा। ये बैठकें प्रबंध निदेशक की अध्यक्षता में संबंधित सर्कल मुख्यालयों पर आयोजित होंगी। निगम प्रवक्ता ने बताया कि ओआरसी बैठकों के प्रमुख एजेंडा बिंदुओं में लंबित ओआरसी बिंदुओं की समीक्षा, पीएम-एसजीएमबी योजना की प्रगति, सड़कों के मध्य स्थित विद्युत खंभों का स्थानांतरण, खतरनाक विद्युत लाइनों का शिफ्टिंग कार्य, 'मेरा गांव जगमग गांव' योजना की प्रगति, बिलिंग दक्षता, लंबित सोलर बिलिंग की समीक्षा तथा अन्य आवश्यक विषय शामिल रहेंगे।